Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 297 | बुधवार, 29 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## तमिलनाडु-बंगाल में भारी बारिश का दौर

# आज ओडिशा पहुंचेगा मोंथा

**हैदराबाद/भुवनेश्वर।**

मोंथा मंगलवार सुबह गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया। इसकी वजह से आंध्र के अलावा तमिलनाडु, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में समुद्र में विशाल लहरें उठीं और तीव्र हवाओं के साथ भारी बारिश जारी रही। इस वजह से कम से कम 52 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। वहीं, पिछले 24 घंटों के दौरान 120 ट्रेनें रद्द की जा चुकी हैं। बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान मंगलवार को शाम को करीब सात बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया। इसके बाद मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच काकीनाडा से गुजरने के दौरान करीब 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। इससे कई जगहों पर घर और पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं जिसमें एक महिला की मौत होने की सूचना है। मौसम विभाग के मुताबिक, मोंथा के बुधवार सुबह ओडिशा पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि मोंथा मंगलवार सुबह गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया। इसकी वजह से आंध्र के अलावा तमिलनाडु, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में समुद्र में विशाल लहरें उठीं और तीव्र हवाओं के साथ भारी बारिश जारी रही। इस वजह से कम से कम 52 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। वहीं, पिछले 24 घंटों के दौरान 120 ट्रेनें रद्द की जा चुकी हैं। आंध्र पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कोनासीमा जिले के मकानगुडेम गांव में तूफान के कारण ताड़ का पेड़ गिरने से एक महिला की मौत हो गई। राज्य में 38,000 हेक्टेयर में खड़ी फसलें और 1.38 लाख हेक्टेयर में बागवानी फसलें नष्ट हो गई हैं। करीब 76,000 लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। मोंथा के कारण ओडिशा के 15 जिलों में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। मोंथा से निपटने के लिए तैयार ओडिशा सरकार पहले से ही 800 राहत केंद्र स्थापित कर चुकी है। तटवर्ती क्षेत्रों में एनडीआरएफ की टीमें भी पूरी तरह मुस्तैद हैं। मोंथा के मद्देनजर राहत और बचाव कार्यों के लिए 45 टीमें तैनात की गई हैं। इनमें 10 टीमें आंध्र प्रदेश में, 6 ओडिशा में, 3-3 तमिलनाडु और तेलंगाना में, 2 छत्तीसगढ़ में और 1 पुडुचेरी में तैनात की गई हैं। लोगों को समुद्र के करीब न जाने की सलाह दी गई है। चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों में बुधवार सुबह तकर सड़कों पर वाहनों की आवाजाही स्थगित करने का फैसला लिया गया है।




### अश्विनी वैष्णव ने की समीक्षा बैठक

मोंथा की दस्तक के बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पूर्वी तट, दक्षिणी तट और दक्षिण मध्य रेलवे क्षेत्रों में यात्री सुरक्षा, ट्रेन नियमन, बहाली योजना और स्थानीय प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन एजेंसियों के साथ समन्वय के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने इन रेलवे क्षेत्रों को सभी एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया।

# राष्ट्रपति मुर्मू आज राफेल में भरेंगी उड़ान

**नई दिल्ली/ अंबाला।**

राष्ट्रपति मुर्मू ने इससे पहले 8 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन पर सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। वह 30 मिनट विमान में रही थीं। मुर्मू ने मार्च 2023 में नौसेना के स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत का दौरा भी किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से अत्याधुनिक राफेल लड़ाकू विमान में विशेष उड़ान भरेंगी। राफेल अपनी उन्नत तकनीक, शानदार गति और सटीक मारक क्षमता के लिए प्रसिद्ध है।

राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार, इस उड़ान के दौरान राष्ट्रपति वायुसेना के अधिकारियों से विमानों की तकनीकी क्षमताओं और प्रशिक्षण प्रक्रियाओं की जानकारी भी हासिल करेंगी। इस ऐतिहासिक अवसर पर रक्षा मंत्रालय और वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ शुरू किए ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में देश की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति की यह उड़ान सामरिक संकेत की दृष्टि से बेहद खास मानी जा रही। राष्ट्रपति का यह कदम भारतीय वायुसेना के प्रति सम्मान और देश की रक्षा क्षमताओं में उनके विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने इससे पहले 8 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन पर सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। वह 30 मिनट विमान में रही थीं। मुर्मू ने मार्च 2023 में नौसेना के स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत का दौरा भी किया था। 2009 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल सुखोई-30 में उड़ान भर कर ऐसा करने वाली पहली महिला राष्ट्रपति बनी थीं। उनसे पहले 2006 में दिवंगत राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने भी पुणे में सुखोई-30 विमान में उड़ान भरी थी।



वायुसेना के अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर तैयारी पूरी

### 'अमेरिकी संविधान में नहीं है कोई राह'

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीसरे कार्यकाल की इच्छा जताई है, लेकिन हाउस स्पीकर माइक जॉनसन ने स्पष्ट किया कि संविधान इसके लिए कोई अनुमति नहीं देता। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर संकेत दिए हैं कि वह व्हाइट हाउस में तीसरे कार्यकाल के लिए लौटना चाहते हैं। हालांकि, हाउस स्पीकर माइक जॉनसन ने साफ कहा कि अमेरिकी संविधान इसकी अनुमति नहीं देता। रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ नेता और ट्रंप के करीबी माने जाने वाले जॉनसन ने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर ट्रंप से बात की है और ट्रंप संविधान की सीमाओं को समझते हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिकी संविधान के 22वें संशोधन के तहत कोई भी व्यक्ति दो बार से अधिक राष्ट्रपति नहीं बन सकता।

# प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे मुंबई का दौरा

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को मुंबई दौरे पर रहेंगे। यहां वे इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में ग्लोबल मैरीटाइम सीईओ फोरम को संबोधित करेंगे। यह आयोजन भारत के समुद्री क्षेत्र में निवेश, नवाचार और वैश्विक साझेदारी को नई गति देने वाला सबसे बड़ा मंच माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज यानी 29 अक्तूबर 2025 को मुंबई का दौरा करेंगे। यहां शाम लगभग 4:00 बजे, वे नेस्को एग्जिबिशन सेंटर, मुंबई में आयोजित इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से जारी बयान के मुताबिक, पीएम मोदी भारत समुद्री सप्ताह (आईएमडब्ल्यू) के प्रमुख कार्यक्रम ग्लोबल मैरीटाइम सीईओ फोरम की भी अध्यक्षता करेंगे। यह फोरम वैश्विक समुद्री कंपनियों के नेतृत्व, प्रमुख निवेशकों, नीति निमार्ताओं, नवप्रवर्तकों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों को वैश्विक समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य पर विचार-विमर्श करने के लिए एक मंच पर लाता है। पीएमओ के मुताबिक यह फोरम सतत समुद्री विकास, लचीली आपूर्ति शृंखला, हरित नौवहन और समावेशी नीली अर्थव्यवस्था रणनीतियों पर बातचीत के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में काम करेगा। प्रधानमंत्री की भागीदारी समुद्री अमृत काल विजन 2047 के अनुरूप महत्वाकांक्षी, भविष्योन्मुखी समुद्री परिवर्तन के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। चार रणनीतिक स्तंभों-बंदरगाह आधारित विकास, नौवहन एवं जहाज निर्माण, निर्बाध आपूर्ति शृंखला और समुद्री कौशल निर्माण-पर आधारित इस दीर्घकालिक दृष्टिकोण का मकसद भारत को दुनिया की अग्रणी समुद्री शक्तियों में शुमार करना है। भारत समुद्री सप्ताह 2025 में 85 से अधिक देश भाग ले रहे हैं, जिसमें 1,00,000 से अधिक प्रतिनिधि, 500 से अधिक प्रदर्शक और 350 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय वक्ता हिस्सा ले रहे हैं।



**ग्लोबल मैरीटाइम सीईओ फोरम को करेंगे संबोधित**

### अफगानिस्तान-पाकिस्तान शांति वार्ता रही बेनतीजा



**इस्लामाबाद।**

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच इस्तांबुल में हुई शांति वार्ता बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई। तुर्किये और कतर की मध्यस्थता के बावजूद दोनों पक्ष किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से जारी तनाव को खत्म करने के लिए इस्तांबुल में हुई शांति वार्ता बिना किसी ठोस समाधान के समाप्त हो गई है।

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तारड़ ने बुधवार को बताया कि दोनों देशों के बीच हुई यह बातचीत किसी व्यवहारिक समझौते तक नहीं पहुंच सकी। यह वार्ता 25 अक्तूबर से तुर्किये और कतर की मध्यस्थता में चल रही थी। दोनों पड़ोसी देशों के बीच यह बैठक 19 अक्तूबर को दोहा में हुई युद्धविराम सहमति के बाद आयोजित की गई थी। लेकिन लगातार मतभेदों और आरोप-प्रत्यारोप के चलते वार्ता बेनतीजा रही। तारड़ ने अपने बयान में कहा अफगान प्रतिनिधिमंडल मुख्य मुद्दे से भटक गया और बातचीत के मूल उद्देश्य से किनारा कर लिया। जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय अफगान तालिबान ने सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप और बहानेबाजी की। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान चाहता था कि तालिबान, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (ळळढ) पर लगाम लगाए, जिसे इस्लामाबाद ने हाल के हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

**इस्तांबुल में दूसरी बैठक बिना नतीजे खत्म**

## ट्रंप ने फिर संघर्ष रुकवाने का राग अलापा

# 'भारत-पाकिस्तान युद्ध मैंने रोका सात विमान गिराए गए थे'

**नई दिल्ली।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोका था। ट्रंप ने दावा किया कि सात नए खूबसूरत विमान गिराए गए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का राग अलापा है। ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच हुई झड़प में ह्लसात नए खूबसूरत विमानह्व गिराए गए थे। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने व्यापार के जरिए दोनों देशों के बीच तनाव को खत्म कराया था। ट्रंप ने जापान की राजधानी टोक्यो में बिजनेस लीडर्स के साथ डिनर के दौरान कहा मैंने कई युद्ध सिर्फ व्यापार और टैरिफ की वजह से रोके। भारत और पाकिस्तान लड़ाई की तैयारी में थे। सात खूबसूरत विमान गिराए गए थे। ये दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं। मैंने कहा कि अगर आप लड़ेंगे तो अमेरिका आपसे व्यापार नहीं करेगा। ट्रंप ने आगे कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसीम मुनीर से कहा था कि अगर युद्ध जारी रहा तो अमेरिका किसी भी तरह का व्यापार नहीं करेगा। ट्रंप ने कहा मैंने कहा कि अगर आप लड़ेंगे तो हम कोई व्यापार नहीं करेंगे। इसके 24 घंटे के भीतर सब शांत हो गया, ये वाकई चौंकाने वाला था। हालांकि, भारत ने ट्रंप के इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। भारत का कहना है कि पाकिस्तान के साथ शांति बहाल करने का फैसला दोनों देशों की आपसी कूटनीतिक बातचीत के जरिए हुआ था, किसी तीसरे देश की मध्यस्थता से नहीं।




**भारत हमेशा से यह स्पष्ट करता आया है कि पाकिस्तान से जुड़े सभी मुद्दे, जिसमें जम्मू-कश्मीर भी शामिल है।**

# पंजाब में पराली जलाने पर बंद होगी पेंशन

**जालंधर।**

पराली प्रबंधन को लेकर राज्य सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए पराली जलाने वाले व्यक्तियों के पारिवारिक सदस्यों की पेंशन बंद करने के लिए कहा है। इसके साथ ही, ऐसे मामलों में सरकारी योजनाओं का लाभ भी तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दिया जाएगा। इससे पहले पराली जलाने पर एफआइआर दर्ज करने का प्रविधान पहले से ही लागू है। सरकार ने पराली न जलाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया है, जिसमें आंगनवाड़ी वर्कर्स गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को इन निर्देशों से अवगत कराएंगी। इस संबंध में एसडीएम ने जिला बाल विकास अधिकारी को पत्र जारी करके आंगनवाड़ी वर्करों को लोगों को जागरूक करने के लिए कहा है। यह पहली बार है जब सरकार ने पराली जलाने वाले के पारिवारिक सदस्यों की पेंशन बंद करने का निर्णय लिया है।



# एक लाख हिंदू सम्मेलन करेगा संघ, घर-घर होगा संपर्क

**नई दिल्ली।**

शताब्दी वर्ष के दौरान संघ खुद के तय किए गए एक लाख मंडलों-बस्तियों में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन करेगा। जबलपुर में बृहस्पतिवार से शुरू हो रही अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में शताब्दी वर्ष में तय किए गए अन्य सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत समेत सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, 46 प्रांत के सभी वरिष्ठ अधिकारी समेत 407 कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि इस बैठक में घर-घर संपर्क, हिंदू सम्मेलन, नागरिक गोष्ठी, सद्भावना बैठक, पंच परिवर्तन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में इनकी तिथियों समेत अन्य पहलुओं पर विमर्श के बाद इन्हें हरी झंडी दे दी जाएगी। इन सभी कार्यक्रमों में संघ के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी जाएगी। बैठक में संघ प्रमुख समेत संघ के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के देशव्यापी प्रवास कार्यक्रम भी तय होंगे।

### सभी संगठनों से जुड़ने की पहल

समाज में परिवर्तन लाने या बेहतर कार्य करने वाली संस्थाओं, व्यक्तियों से भी संघ निजी स्तर पर संपर्क करेगा। इनके कार्यों में संघ कैसे सहायता कर सकता है, इस पर विचार किया जाएगा। आंबेकर ने कहा कि हमारा उद्येश्य पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। ऐसे में हम विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तिगत या संस्था के स्तर पर किए जा रहे कार्यों को अपना सहयोग देंगे।



## संपादक की कलम से

# एसआईआर के विरोधाभास

चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्यक्रम घोषित किया है। अंतिम एसआईआर 2002-04 में किया गया था। लंबे 21 सालों के बाद यह अभियान छेड़ा गया है, जाहिर है कि मतदाताओं की संख्या, छंटनी, पात्रता आदि में व्यापक परिवर्तन आए होंगे! एसआईआर के दूसरे चरण में 51 करोड़ से अधिक मतदाता शामिल होंगे। यह कवायद अंतिम सूची के साथ 7 फरवरी, 2026 को



ललित शर्मा
संपादक

समाप्त होगी। भारत का संविधान अनुच्छेद 324 और 326 में चुनाव आयोग को विशेषाधिकार देता है कि वह निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र चुनाव कराए और समय-समय पर मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण करता रहे। एसआईआर का दूसरा चरण उप्र से शुरू होगा, क्योंकि 25 करोड़ से अधिक आबादी वाला यह देश का सबसे बड़ा राज्य है। उप्र में अप्रैल-मई, 2027 में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, लेकिन आयोग की प्राथमिकता पर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल राज्य और संघशासित क्षेत्र होंगे, जहां 2026 में चुनाव होने हैं। असम में भी 2026 में चुनाव होंगे, लेकिन उसे फिलहाल एसआईआर से अलग रखा गया है। असम के संदर्भ में अजीब विरोधाभास सामने आया है कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा एसआईआर के पक्षधर हैं, लेकिन चुनाव आयोग असम में नागरिकता की स्थिति भिन्न मानता है। आयोग की दलील है चूंकि सर्वोच्च अदालत की देखरेख में असम में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) पर अदालत का फैसला अभी आना है, लिहाजा असम पर बाद में एसआईआर का आदेश जारी किया जाएगा। हकीकत यह है कि असम में एनआरसी के तहत जिन 19 लाख से अधिक लोगों की गणना की गई थी, उसमें 7 लाख से ज्यादा ही मुसलमान पाए गए। शेष 12 लाख से ज्यादा गैर-मुस्लिम थे। एनआरसी की यह कवायद 2019 में ही पूरी हो चुकी है, लेकिन सर्वोच्च अदालत का फैसला शेष है। इसी तरह शीर्ष अदालत के आदेशानुसार महाराष्ट्र में 31 जनवरी, 2026 तक स्थानीय निकाय (बीएमसी) के चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस एसआईआर के पक्ष में हैं और उसे डॉक्टरिन के तौर पर पेश कराना चाहते हैं, लेकिन चुनाव आयोग तैयार नहीं है। केरल में भी स्थानीय निकाय के चुनावों की चर्चा जारी है, लेकिन अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में एसआईआर को टाल दिया है, लेकिन केरल में यह अभियान चलाया जाएगा। बेशक एसआईआर चुनाव आयोग का विशेषाधिकार है और बिहार के संदर्भ में सर्वोच्च अदालत ने एसआईआर पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था। अलबत्ता शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप से आधार कार्ड को मान्य दस्तावेज स्वीकार करना पड़ा। विरोधाभास यह भी है कि चुनाव आयोग का दावा है कि बिहार में दावों, अपील या आपत्ति का शून्य आवेदन भी उसे नहीं मिला, लिहाजा वह बिहार में अपने प्रयोग पर संतुष्ट है, लेकिन विपक्षी दल और चुनावी पंडितों की एक जमात बार-बार, लगातार पूछ रही है कि आयोग ने कितने घुसपैठिए पकड़े और उन्हें मताधिकार का अपात्र घोषित किया? चुनाव आयोग इन सवालों पर निरुत्तर रहा है, लेकिन उसके सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि जिला चुनाव अधिकारियों ने ऐसी शिकायतें गृह मंत्रालय को भेज दी हैं। विदेशी अवैध प्रवासी या घुसपैठिए कितने हैं, उन पर क्या कार्रवाई की जाएगी, यह गृह मंत्रालय ही तय करेगा। यह उसी का विशेषाधिकार है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर का महत्व समझाते हुए कहा है कि पलायन, दो जगह नाम, मौत, अवैध मतदाताओं से सूचियों में अशुद्धि आना स्वाभाविक है। दरअसल कोई पात्र और वैध मतदाता सूची में शामिल होने से न रह जाए और अवैध, अपात्र मतदाता सूची से बाहर किया जाना चाहिए, एसआईआर का बुनियादी मकसद यही है।

# फूहड़ शब्दों का ग्लैमर और वर्चुअल समाज की विडंबना



**प्रियंका सौरभ**

सोशल मीडिया पर अब केवल तस्वीरें या वीडियो नहीं, शब्द भी बिकने लगे हैं। फूहड़ता और अपशब्दों ने अभिव्यक्ति की मयार्दा को पीछे छोड़ दिया है। लाइक, कमेंट और शेयर की भूख ने भाषा को बाजार में बदल दिया है। समाज का वही वर्ग जो संस्कारों की बातें करता है, वही इन पोस्टों पर तालियाँ बजाता है। यह प्रवृत्ति केवल भाषा का पतन नहीं, सोच की गिरावट भी है। सभ्यता की पहली पहचान भाषा होती है—जब भाषा गिरती है, तो समाज भी गिर जाता है।

कुछ समय पहले तक मुझे यह गलतफहमी थी कि सोशल मीडिया पर केवल रील्स और वीडियोज में वल्गर या बेहूदा कंटेन्ट ही ज्यादा देखा जाता है। सोचती थी कि शायद यह दृश्य माध्यम का प्रभाव है—जहाँ चमक, शरीर और शोर ही बिकता है। पर हाल के दिनों में कुछ लम्बी पोस्टें पढ़कर भ्रम टूटा। अब केवल दृश्य नहीं, भाषा भी बिकाऊ हो गई है। फूहड़पन अब सिर्फ कैमरे के सामने नहीं, कलम की नोक पर भी नाच रहा है।

इन पोस्टों में विषय तो वही पुराने और ट्रेंडिंग हैं—पुरुषों को कोसना, संबंधों में स्त्री की पीड़ा या समाज की संकीर्णता। पर इन सबके बीच सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन विचारों को जिस भाषा में व्यक्त किया जा रहा है, वह भाषा नहीं, गाली का उत्सव लगती है। लाइक्स और कमेंट्स की बरसात होती है, और भीड़ ताली बजाती है—मानो फूहड़ता अब किसी नई साहित्यिक विधा का नाम बन चुकी हो।

कभी कहा जाता था कि लिखना, दिखने से कठिन होता है। लिखना मतलब सोचना, मनन करना, किसी विषय पर आत्मा से उतरकर बोलना। शब्द कभी भीड़ को लुभाने का नहीं, समाज को सजग करने का माध्यम होते थे। लेकिन आज इस संतुलन को एक नई भूख ने निगल लिया है—लोकप्रियता की भूख। अब जो सबसे तेज, सबसे तीखा और सबसे विवादित लिखेगा, वही सबसे ज्यादा देखा जाएगा।

क्लिक और कमेंट की इस दौड़ ने शब्दों की गरिमा को लगभग निचोड़ कर रख दिया है। अब भाषा का अर्थ अभिव्यक्ति नहीं, उत्तेजना रह गया है। और यह प्रवृत्ति केवल अनपढ़ या असंवेदनशील वर्ग तक सीमित नहीं—कई बार वही लोग, जो समाज में सुधार, परिवार में संस्कार और रिश्तों में मधुरता की बातें करते हैं, इन पोस्टों पर टूट पड़ते हैं। वे न केवल इन्हें पढ़ते हैं, बल्कि लाइक, हार्ट और फायर इमोजी भेजकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं—जैसे यह कोई सांस्कृतिक आंदोलन हो।

यह सवाल सबसे ज्यादा चुभता है—आखिर इस फूहड़ता में आकर्षण क्या है? क्या लोग वास्तव में इन विचारों से सहमत हैं, या बस भीड़ में शामिल हो जाने की मजबूरी है? मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो सोशल मीडिया ने व्यक्ति को अदृश्य पहचान दी है। अब वह जो कहना, करना या दिखाना असल ज़िंदगी में नहीं कर सकता, उसे वह वर्चुअल दुनिया में निर्भीक होकर कर सकता है। यह आजादी धीरे-धीरे अराजकता में बदल गई है। भाषा की मयार्दा, सामाजिक संवेदना और दूसरों की गरिमा—सब पर खुली छूट मिल गई है।

किसी का अपमान करना, समूहों को उकसाना, व्यंग्य में विष घोलना—यह सब अब क्रिएटिविटी कहलाता है। फूहड़ भाषा को निर्भीक अभिव्यक्ति बताया जा रहा है, और सभ्य संवाद को पाखंड। विचारों की जगह शब्दों का शोर छा गया है।

विडंबना यह है कि यही समाज घर में बच्चों को मयार्दा, संस्कार और आदर का पाठ पढ़ाता है, मगर वर्चुअल मंच पर वही लोग अपशब्दों की पोस्ट पर हंसते हुए इमोजी भेजते हैं। यानी हमारी वास्तविक और वर्चुअल नैतिकता में जमीन-आसमान का अंतर है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने हमें संवाद का अवसर दिया था, पर हम उसे विवाद का अखाड़ा बना बैठे। जहाँ पहले विचारों की टकराहट होती थी, वहाँ अब शब्दों की लाठियाँ चलती हैं।

यह प्रवृत्ति केवल भाषा की समस्या नहीं, सामाजिक संस्कृति के क्षरण का संकेत है। क्योंकि जब शब्द दूषित होते हैं, तो विचार भी विकृत हो जाते हैं। और जब विचार विकृत होते हैं, तो समाज में असहिष्णुता पनपती है। आज यही हो रहा है—हर वर्ग अपने पक्ष को एकमात्र सत्य मानने लगा है, और जो असहमत है, उसके लिए अपशब्द तैयार रखे हैं।

कला, चाहे लेखन हो या अभिनय—समाज से संवाद का माध्यम है। लेकिन संवाद और प्रहार में फर्क होता है। जो शब्द किसी की गरिमा को चोट पहुँचाएँ, वे अभिव्यक्ति नहीं, आक्रोश का प्रदर्शन हैं। और जब यह आक्रोश लोकप्रियता के रास्ते का शॉर्टकट बन जाए, तब समाज को आत्ममंथन करना चाहिए।

जरूरत इस बात की है कि हम लोकप्रियता और गरिमा के बीच अंतर समझें। लिखना सिर्फ लोग क्या कहेंगे के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि मैं क्या कहना चाहता हूँ के लिए होना चाहिए। सच्चा लेखक भीड़ से नहीं, विवेक से संवाद करता है। लेकिन अफसोस, आज सोशल मीडिया ने साहित्य को मनोरंजन और विचार को व्यापार बना दिया है।

हर लाइक, हर कमेंट, हर शेयर—केवल एक बटन नहीं, एक नैतिक निर्णय है। जब हम किसी फूहड़ पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हैं, तो हम अनजाने में उस प्रवृत्ति को बढ़ावा देते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म का एल्गोरिदम तो वही दिखाता है जो अधिक देखा जाता है। इसलिए असभ्य कंटेन्ट तभी बढ़ता है जब हम उसे बढ़ाते हैं। दर्शक अगर जिम्मेदार बन जाएँ, तो निमार्ता भी सुधरने को मजबूर होंगे। संवेदनशील और सुसंस्कृत समाज वही होता है जहाँ लोकप्रियता का मापदंड शब्दों की गरिमा हो, न कि शब्दों की उत्तेजना।

सोशल मीडिया अब किसी एक व्यक्ति का नहीं, पूरे समाज का दर्पण है। यहाँ जो लिखा, कहा और साझा किया जा रहा है—वही हमारी सामूहिक सोच बन रहा है। अगर हम चाहते हैं कि समाज में शालीनता और संवेदना बनी रहे, तो हमें वर्चुअल व्यवहार में भी वही अनुशासन अपनाना होगा जो वास्तविक जीवन में अपनाते हैं। फूहड़ शब्दों की लोकप्रियता अल्पकालिक है, पर उनका प्रभाव गहरा और दीर्घकालिक। विचारों की ताकत शब्दों की मयार्दा में ही बसती है, न कि उनकी अशालीनता में।

इसलिए अब वक्त है कि हम ठहरकर सोचें—क्या हम वाकई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमाल कर रहे हैं, या बस असभ्यता की स्वतंत्रता का जश्न मना रहे हैं? और अगर जवाब दूसरा है, तो हमें याद रखना चाहिए—सभ्यता की पहली पहचान भाषा होती है, और जब भाषा गिरती है, तो समाज भी गिर जाता है।

## उदय किशोर साह



### जग है पराई

कविता

कोई किसी के लिये कब मरता है
स्वार्थ में सब अपने लिये ही जीता है
इतिहास उठा कर पढ़ लो यहाँ पन्ना
गन्ने का दुश्मन होता है जहॉं पे गन्ना

रिश्ते व नाते अपना कहने को होते
दु :ख आने पे पहचान तक भूल जाते
सुख का है ये जग वाले सब साथी
जैसे ठंडक जाने पे हम छोड़ देते गाती

हर घर में है भाई ही भाई का दुश्मन
जमीन जायदाद हड़पने का है अनबन
मौका पाते ही कर देते हैं बड़े ही। खेल
चन्द मिनट का है जग वाले से यहाँ मेल

क्या अपना और फिर क्या है जहाँ पराया
दौलत के आगे सब कोई है रिश्ते को भुलाया
धन की जब होती है हनक से चकाचौंध
धन पाने पे हो जाता है गरीब से रिश्ते गौण

विचित्र ही परम्परा जगत ने है यहाँ अपनाई
किस्मत खराब होने पे जहाँ नारी भी पराई
स्वार्थ की है सब मृगतृष्णा की शहनाई
कोई किसी का इस जग में अपना ना साईं

# एसआईआर की सार्थक पहल का विरोध नहीं, स्वागत हो



**ललित गर्ग**



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार के बाद अब देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष ग्रहण पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरूआत करने की घोषणा करके चुनाव विसंगतियों एवं कमियों को दूर करने का सराहनीय एवं साहसिक कार्य किया है। यह पहल न केवल तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया भर है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने की एक निर्णायक कोशिश है। लोकतंत्र की आत्मा उसके निर्वाचन तंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता में बसती है और चुनाव आयोग का यह कदम उसी दिशा में एक ठोस, सकारात्मक और आवश्यक प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए। बिहार की एसआईआर प्रक्रिया से सबक लेते हुए इस बार आयोग ने प्रक्रिया के लिए अधिक समय दिया है, ताकि बिहार जैसी जल्दबाजी और अफरातफरी से बचा जा सके। आधार कार्ड को एक सहायक दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल बनेगी।

निश्चित ही इस बार 12 राज्य संख्या में ज्यादा हैं तो चुनौती भी उसी हिसाब से ज्यादा बड़ी है। उम्मीद कर सकते हैं कि बिहार में पुनरीक्षण प्रक्रिया में आई दिक्कतें अब आयोग के लिए अनुभव का काम करेंगी और वहां जैसी परेशानी बाकी जगहों पर लोगों को नहीं उठानी पड़ेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के शिड्यूल का ऐलान करते हुए कहा कि प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी योग्य मतदाता छूट न जाए और कोई भी अयोग्य मतदाता लिस्ट में शामिल न हो। जिन राज्यों को दूसरे चरण में चुना गया है, उनमें उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गोवा, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप हैं, इनमें से केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भी अगले ही साल विधानसभा चुनाव है, लेकिन उसे दूसरे चरण से बाहर रखा गया। आयोग ने इस बार आधार कार्ड को लेकर रुख पहले ही साफ कर दिया है कि यह जन्म, नागरिकता या निवास प्रमाण पत्र के रूप में मान्य नहीं होगा, लेकिन एसआईआर में इसे एक डॉक्युमेंट के रूप में पेश किया जा सकेगा। यह स्पष्टता इसलिए जरूरी थी, क्योंकि बिहार में पहले चरण के दौरान आधार कार्ड का मसला सुप्रीम कोर्ट तक चला गया था। दस्तावेज ऐसे होने चाहिए, जो अधिकतम आबादी की पहुंच में हों और आधार आज पहचान का सबसे सरल जरिया है।

मतदाता सूची की सटीकता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लोकतंत्र की रीढ़ है। भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में मतदाता सूची की सटीकता सबसे बड़ी चुनौती है। इसलिये एक निश्चित अन्तराल के बाद एसआईआर की प्रक्रिया होते रहना अपेक्षित है। इसके पहले एसआईआर करीब दो दशक पहले किया गया था। कम से कम अब तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि एसआईआर में इतना अंतराल न आने पाए, क्योंकि अब लाखों लोग नौकरी-पेशे के चलते अन्यत्र चले जाते हैं। इनमें से अधिकांश वहीं बस जाते हैं। कई बार देखा गया है कि मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहते हैं, वहीं नये पात्र नागरिकों के नाम दर्ज नहीं हो पाते। ग्रामीण इलाकों से लेकर महानगरों तक, इस विसंगति के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होता है और चुनावी परिणामों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगता है। एसआईआर का मकसद किसी की नागरिकता तय करना या ज्यादा से ज्यादा लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर करना नहीं है। इसे इतना सरल होना चाहिए, जिससे लोग वोटर बनने के लिए प्रेरित हों और उनमें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व के लिए उत्साह जगे। मुख्य चुनाव आयुक्त की यह पहल-इन खामियों को दूर करने की दिशा में एक संगठित और वैज्ञानिक लोकतांत्रिक प्रयास है। यदि यह कार्य धरातल पर ईमानदारी से लागू हुआ, तो यह मतदाता सूची की पवित्रता और लोकतंत्र की गरिमा दोनों को बढ़ाएगा। भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिये यह बहुत जरूरी है, इसके लिये राजनीतिक दलों की भूमिका एवं सहयोग अपेक्षित है, वे इस प्रक्रिया को सकारात्मक दृष्टि से लें। इस सराहनीय एवं नितांत अपेक्षित उपक्रम के लिये विपक्षी दलों के द्वारा विरोध का वातावरण बनाना एवं आस्तीनें चढ़ाना उनकी विश्वसनीयता एवं जिम्मेदारी पर प्रश्न खड़ा करता है।

अक्सर देखा गया है कि जब चुनाव आयोग सुधारात्मक कदम उठाता है, तो विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार प्रतिक्रिया देते हैं। परंतु लोकतंत्र का स्वास्थ्य तब ही सुदृढ़ होगा जब सभी दल ह्यपारदर्शिताह्ल को ह्यराजनीतिक लाभ-हानिह्ल से ऊपर रखेंगे। विपक्ष को चाहिए कि वह इस पहल का विरोध करने की बजाय स्वागत करे और इसे सही दिशा में लागू कराने में सहयोग दे, न कि शंका और अविश्वास के चश्मे से देखे। बहरहाल, राजनीतिक पार्टियों की यह महती जिम्मेदारी है कि वे सिर्फ दोषारोपण करने तक सीमित न रहें, बल्कि इस पूरी प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारियां निभाएं। इसी तरह, नागरिक संगठनों के लिए भी यह सक्रिय होने का समय है। उनकी निगरानी बीएलए के काम को अधिक सरल व सटीक बना सकती है। कुल मिलाकर पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का सपना दिखाने वाले चुनाव आयोग के सामने अभी अपनी इस प्राथमिक जिम्मेदारी को ही निर्विवाद रूप से पूरा करने की चुनौती है। डिजिटल युग में चुनाव सुधार केवल मानव संसाधन या प्रशासनिक इच्छाशक्ति का नहीं, बल्कि तकनीकी पारदर्शिता का भी प्रश्न है। बायोमेट्रिक सत्यापन, ऑनलाइन नामांकन और डेटा क्रॉस-वेरिफिकेशन जैसे उपाय अब आवश्यक हो चुके हैं। विशेष ग्रहण पुनरीक्षण इस दिशा में आधारभूत कार्य करेगा यानी चुनावी डाटा की सफाई और पुनर्गठन। भारत की चुनावी प्रक्रिया विश्व में सबसे बड़े लोकतांत्रिक अभ्यास के रूप में जानी जाती है। लेकिन यह गौरव तभी सार्थक होगा जब मतदाता सूची, मतदान केंद्रों की निष्पक्षता और आचार संहिता के पालन में कोई संदेह न रहे। चुनाव आयोग की यह पहल उसी लक्ष्य की ओर एक ठोस कदम है। लोकतंत्र केवल मतों की गिनती नहीं, बल्कि विश्वास की गिनती है और यह विश्वास चुनाव आयोग की ईमानदारी, पारदर्शिता और सक्रियता पर टिका है। जन-प्रतिनिधित्व कानून, 1950 की धारा 21 चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और उनको संशोधित करने का अधिकार देती है। मतदाता सूचियों को दुरुस्त करना चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार ही नहीं, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की अनिवार्य आवश्यकता भी है। विडंबना यह है कि कुछ दलों को इस आवश्यकता की पूर्ति किया जाना रास नहीं आ रहा है। उन्होंने बिहार में एसआईआर को लेकर आसमान सिर पर उठाया और वोट चोरी के जुमले के सहारे सड़कों पर उतरने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया। मगर उनकी दाल न सुप्रीम कोर्ट के समक्ष गली और न ही बिहार की जनता के बीच तो इसीलिए कि वे कोरा दुष्प्रचार कर रहे थे।

ज्ञानेश कुमार की यह पहल केवल तकनीकी संशोधन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्कृति में नवीनीकरण का संदेश है। चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि जनविश्वास की परीक्षा भी है। यदि यह अभियान ईमानदारी और जनसहभागिता के साथ पूरा होता है, तो यह भारत के लोकतंत्र को और परिपक्व बनाएगा। अब जिम्मेदारी केवल चुनाव आयोग की नहीं, बल्कि हर नागरिक और राजनीतिक दल की भी है कि वे इस सुधारात्मक पहल का स्वागत करें और लोकतंत्र के इस महापर्व को निष्कलंक बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं। क्या यह विचित्र नहीं कि विपक्षी दल मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों की शिकायत भी करते हैं और उनके पुनरीक्षण का विरोध भी? हालांकि उनके दुष्प्रचार की पोल खुल चुकी है, फिर भी चुनाव आयोग को इसके लिए तैयार रहना होगा कि विपक्ष शासित राज्य एसआईआर की प्रक्रिया का विरोध कर सकते हैं। उसे इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि मतदाता सूचियों को ठीक करने की प्रक्रिया में किसी तरह की गलती न होने पाए, क्योंकि विपक्षी दल छोटी-छोटी बातों को तूल देकर इस संवैधानिक प्रक्रिया को श्रीहीन करने की चेष्टा कर सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# डीएम द्वारा गंगा कार्तिक मेले का स्थलीय निरीक्षण कर मेले को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा विदुर कुटी गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले को सुव्यवस्थित, शांतिपूर्वक और सुविधाजनक रूप से संपन्न करने के लिए विदुर कुटी स्थित पुस्तकालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुख सुविधाओं, सुरक्षा व मेले में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मेले में पॉलिथीन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित कराएं तथा मेले में समस्त प्रमुख स्थान पर सीसीटीवी कैमरे तथा वॉच टावर भी स्थापित करें। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप चौधरी ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला पौराणिक धार्मिक पर्व है। जो हमें गंगा-जमुनी तहजीब की सीख देता है। उन्होंने कहा कि गंगा किनारे लगने वाले इस मेले की शुरूआत तम्बुओं से होती है, इसलिए इसे तंबुओं का शहर कहा जाता है। विदुर कुटी घाट पर चलने वाले इस मेले में लाखों लोग तम्बू लगाकर अपने परिवार सहित गंगा के तट पर निवास करते हैं और आस्था की डुबकी लगाते हैं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं, जिनमें सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा मेले के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे, सर्च लाइट सहित टॉवर्स स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन के अंतर्गत एनडीआरएफ टीम मेला स्थल पर ही मौजूद रहेगी। इसके अलावा गोताखोर सहित और शक्तियों की भी पर्याप्त संख्या में व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मेला स्थल पर पांच बिस्तरों का अस्थाई अस्पताल स्थापित किया गया है। जो श्रद्धालुओं की सेवा के लिए 24 घंटे संचालित रहेगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की पूरी टीम उपलब्ध रहेगी और किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए मेला स्थल पर एंबुलेंस की सुविधा भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने मेले के दौरान यातायात को सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं और बैरीकेटिंग आदि द्वारा वाहनों के आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस बल को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और शौचालय की सुविधाएं के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बिजनौर को आवश्यक निर्देश निर्गत किया जा चुके हैं। उन्होंने मेला अधिकारी को निर्देशित किया कि मेलेच में स्वच्छता बनायें रखने के लिए स्थान चिन्हित कर वहां नगर पालिका एवं पंचायत राज विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर समुचित संख्या में कूड़ेदान रखवाएं तथा ससमय उनका उठान भी करायें। उन्होंने मेले में शिकायत केन्द्र व खोया पाया केन्द्र स्थापित करने व उसका 24 घंटे संचालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य जिम्मेदारी के साथ करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर रितु चौधरी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत विकास मिश्रा, सिंचाई, स्वास्थ्य, अग्नि सुरक्षा, पुलिस, पंचायतराज सहित अन्य विभाग के अधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जिलेभर में धूमधाम के साथ मनाया गया छठ का पर्व

वेलकम इंडिया



**बागपत। विवेक जैन।** जिलभर में छठ का पर्व पारम्परिक श्रद्धा व उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने निर्जल व्रत रखकर सूर्य को अर्घ्य दिया और पुत्रों की लम्बी आयु होने की कामना की। पूर्वी लोगों ने एक-दूसरे को छठ की बधाईयां दी। बागपत शुगर मिल कॉलोनी के मॉ दुर्गा मंदिर में लोगों ने छठ का पर्व बड़े ही उत्साह, उमंग व श्रद्धा के साथ मनाया। इस दौरान सभी महिलाएं एक स्थान पर एकत्रित हुई और उसके बाद ढोल-नगाड़ों के साथ मंगल गीत गाते हुए उन्होंने छठ मैया की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की और सूर्य को अर्घ्य चढ़ाये। इस मौके पर सुप्रसिद्ध समाज सेविका एवं हर्बल न्यूट्रिशन ट्रेनर मनोरमा श्रोती ने बताया कि महिलाओं ने छठ पर्व पर अपने बच्चों की लम्बी आयु व घर-परिवार की खुशहाली तथा मनोकामना पूर्ति की कामना की। फल, मिठाई व ठेकुए से छठ मैया को भोग लगाया गया। महिलाओं ने निर्जल व्रत रखे। उसके बाद उन्होंने सूर्य देवता को अर्घ्य चढ़ाकर व्रत खोले। तत्पश्चात सभी को प्रसाद का वितरण किया। इसके अलावा कल-कारखानों व फैक्ट्री में रहने वाले लोगों ने भी छठ का पर्व मनाया और एक-दूसरे को छठ की बधाईयां दी। घर में तरह-तरह के पकवान बनाये गये और छठ की खुशियां मनाई गई। इसके अलावा काफी लोग बागपत यमुना नदी तथा गौरीपुर पुल पर भी पहुंचे और उन्होंने छठ मैया की पूजा की।

# नूरपुर में ऑल इंडिया मुशायरा 29 अक्टूबर को

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** नूरपुर में 29 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे खालसा इंटर कॉलेज के मैदान में ऑल इंडिया मुशायरा आयोजित किया जाएगा। मुशायरा कनवीनर युवा शायर कुंवर नबील मिकरानी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुशायरे की निजामत लखनऊ के जाने-माने नाजिम नदीम फारूख करेंगे। मुख्य अतिथि फजलूर्रहमान अंसारी होंगे। मंच की जिम्मेदारी सरदार गुरचरन सिंह संभालेंगे। मुशायरे की तरतीब पेशकर्ता महमूद हसन मिकरानी के हाथों में है। यह मुशायरा लगातार चौथी बार हो रहा है सभी इसमें शिरकत करके मुशायरे की शोभा बढ़ाये।

# सूचना आयुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्नः लंबित आरटीआई अपीलों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया



आगरा में:-उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग की आयुक्त श्रीमती शकुन्तला गौतम ने आगरा के सर्किट हाउस सभागार में प्रथम अपीली अधिकारी और जनसूचना अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने लंबित आरटीआई अपीलों और शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

श्रीमती गौतम ने कहा कि गुड गवर्नेंस के लिए सूचना आवेदक को निर्धारित समय सीमा अधिकतम 30 दिन के भीतर सूचना उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि यदि सूचना दूसरे विभाग से सम्बन्धित है तो सूचना अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के अन्तर्गत 05 दिन के अन्दर सूचना अंतरित की जाए। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट वेद सिंह चौहान, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) आजाद भगत सिंह सहित विभिन्न विभागों के जनसूचना अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

# तृप्ति गुर्जर ने जीता गोल्ड मैडल

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** खेलो इंडिया अस्मिता किक बॉक्सिंग लीग का किक बाक्सिंग एसोशिएसन मुजफ्फरनगर के तत्वाधान में आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल मुजफ्फरनगर में किया गया। जिसमें जिला बिजनौर से गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल नूरपुर की खिलाड़ियो ने कोच प्रदीप कुमार के मार्गदर्शन में भाग लिया। तृप्ति गुर्जर पुत्री महंत श्री श्री 108 रामवीर नाथ (गुरुजी) निवासी ग्राम मंझोला गुर्जर ने गोल्ड मेडल जीत कर अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय पहुंचने पर तृप्ति गुर्जर को प्रबंध निदेशक मंदीप सिंह एवं प्राचार्य अवनीश कुमार ने सम्मानित किया।

# अग्नि पीड़ित की मदद के लिए आगे आई रेडक्रॉस सोसायटी




वेलकम इंडिया

**गरुड़।** रतमटिया गांव में अग्नि पीड़ित बलवंत राम की मदद के लिए रेडक्रॉस सोसायटी आगे आई है। सोसायटी के सदस्यों ने गांव पहुंचकर पीड़ित को सामग्री प्रदान की। रेडक्रॉस समिति ने प्रभावित परिवार को तिरपाल, कंबल, बर्तन सैट, हाइजिन किट प्रदान किया। इस दौरान रेडक्रॉस सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य उमेश जोशी, कैलाश खुल्बे, जगदीश खोलिया, अनिल पंत आदि मौजूद थे। इधर भाजपाई भी प्रभावित परिवार से मिलने उनके घर आए। उन्होंने सरकार से भी हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास, जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, कुमाऊं संयोजक एडवोकेट जेसी आर्या आदि मौजूद थे।

# बोलोरो गाड़ी चालक ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर हुई मौत

वेलकम इंडिया



**रामघाट/बुलंदशहर/** बोलोरो गाड़ी ने बाइक सवार को सामने से टक्कर मारकर घायल कर दिया। जिसको अलीगढ़ मेडिकल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया मृतक के परिजनों ने अलीगढ़ रामघाट मार्ग पर शव रखकर बोलेरो चालक को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर लगाया जाम जिसके कारण अलीगढ़ रामघाट मार्ग बाधित रहा घटना की सूचना पाकर रामघाट थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर खुलवाया जाम मृतक के बहनोई ने बोलोरो गाड़ी चालक के खिलाफ नामजद कराई रिपोर्ट दर्ज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना रामघाट क्षेत्र के महाराजपुर रतुआ नगला निवासी राजवीर सिंह पुत्र महेंद्र सिंह के घर पर 22 वर्षीय सचिन नायक पुत्र यशपाल सिंह निवासी रायपुर खास थाना पाली मुकीमपुर जिला अलीगढ़ मंगलवार को अपनी भांजी 9 वर्षीय हिमानी को राजवीर सिंह के घर पर छोड़कर वापस बाइक से अपने गांव जा रहा था इसी दौरान गांव जाटनी नगला में प्राथमिक विद्यालय के समीप सामने से तेज गति लापरवाही से आ रही बोलेरो गाड़ी चालक ने बाइक सवार सचिन को सामने से टक्कर मार दी जो गंभीर से घायल होकर गिर पड़ा बोलेरो चालक ने घायल सचिन को लेकर जरगवां में राधा रानी हॉस्पिटल में उपचार हेतु भर्ती कराया सूचना पाकर मृतक के परिजन भी पहुंच गए अस्पताल के संचालकों ने घायल सचिन की गंभीर स्थिति को देखते हुए अलीगढ़ मेडिकल जाने के लिए कहने पर घायल सचिन को अलीगढ़ ले जाते समय फौजी चौराहे से पहले ही दम तोड़ दिया मृतक के परिजनों ने अलीगढ़ रामघाट मार्ग पर शव को रखकर जाम लगाया सूचना पाकर रामघाट थाना प्रभारी यंग बहादुर सिंह व गंगा प्रसाद आर्य थाना प्रभारी नरौरा एसएसआई ऋषिपाल चौधरी हरिशंकर आशीष कुमार संजीत कुमार सुनील कुमार मनोज कुमार महिला एसआई मोना अग्रवाल मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जाम कताओं को समझा बुझाकर कर बोलेरो गाड़ी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# भव्य धार्मिक कार्यक्रम जिसमें प्रसिद्ध कवि व वक्ता डॉ. कुमार विश्वास श्रद्धालुओं के बीच श्रीराम कथा का वाचन करेंगे

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा




हापुड़ जनपद के पिलखुवा में आगामी 21 से 23 नवम्बर तक भव्य धार्मिक आयोजन ₹अपने अपने घर राम₹ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम रामलीला मैदान,पिलखुवा में संपन्न होगा, जिसमें प्रसिद्ध कवि व वक्ता डॉ. कुमार विश्वास श्रद्धालुओं के बीच श्रीराम कथा का वाचन करेंगे।पिलखुवा नगर के श्रद्धालुओं व भक्तों में कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार तीनों दिन कथा के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद पिलखुवा के अध्यक्ष विभु बंसल ने कहा कि पिलखुवा की पवित्र धरती पर पिलखुवा के पुत्र की आवाज में श्रीराम कथा का आयोजन हमारा सौभाग्य है। डॉ. कुमार विश्वास जैसे पिलखुवा के विद्वान और लोकप्रिय वक्ता के माध्यम से नगरवासियों को मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का अवसर मिलेगा।₹पिलखुवा नगर पालिका प्रशासन द्वारा कार्यक्रम स्थल रामलीला मैदान में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और यातायात प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रेस वार्ता में बीजेपी नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी सदस्य प्रदीप तेवतिया सुशील तोमर सचिन पुंडीर समाज से पुनीत गुप्ता अजीत चौधरी सतीश वर्धन, अखिलेश मित्तल आदि लोग मौजूद रहे।

# दो किलो अवैध चरस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर, गोविन्द मेहता,** पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के के कुशल नेतृत्व में अवैध नशे के सौदागरों पर नकेल कसने का अभियान लगातार जारी है।चार दिन पूर्व ही एक ही दिन में एक चरस और एक स्मैक तश्कर को एसओजी और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया था।जिसके बाद एक और अवैध नशा तस्कर को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। बागेश्वर पुलिस को सोमवार देर शाम चेकिंग अभियान में मुखबिर की सूचना पर। एक चरस तश्कर को। पकड़ने में सफलता मिलीहै।पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान दो किलो अवैध चरस के साथ मोटर साइकिल सवार एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पकड़ी गई चरस की अंतर्राष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग आठ लाख रुपये बताई गई है। एसपी चन्द्र शेखर घोड़के के निदेर्शानुसार तथा क्षेत्राधिकारी अजय लाल साह के पर्यवेक्षण में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु बागेश्वर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष चैकिंग अभियान के एसओजी प्रभारी निरीक्षक सलाउद्दीन और कोतवाल अनिल उपाध्याय के नेतृत्व में एसओजी टीम और कोतवाली पुलिस द्वारा अलग अलग स्थानों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।इसी दौरान एसओजी टीम बागेश्वर-कपकोट मार्ग पंद्रहपाली तिराहा पर चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त प्रदीप कुमार पुत्र स्वर्गीय दुगार्राम निवासी बदियाकोट थाना कपकोट को मोटर साइकिल संख्या यूके 08फ-7019में कपकोट से आते समय रोका गया।वह चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को देखकर सकपका गया।जिसके बाद वह पुलिस टीम से बचने की कोशिश करने लगा।

# कवियों ने ऑपरेशन सिंदूर के भाव से ओतप्रोत रचनाओं का किया प्रस्तुतीकरण

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा




हापुड़ जनपद नगर के रेलवे रोड स्थित आर. के. प्लाजा में रविवार को देशभक्ति और साहित्यिक ओज से आलोकित हो उठा, जब हिंदी साहित्य परिषद के तत्वावधान में कवि प्रेम निर्मल द्वारा संपादित काव्य संकलन ऑपरेशन सिंदूर का हर्षोल्लास पूर्वक विमोचन किया गया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षाविद् योगेन्द्र कुमार मुन्नू ने की तथा संचालन अपने ओजस्वी और भावपूर्ण शैली में डॉ. अनिल बाजपेई ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ योगेन्द्र कुमार मुन्नू, विजय कुमार गोयल, विजेंद्र गर्ग लोहे वाले, ललित कुमार अग्रवाल (छावनी वाले), राम आसरे गोयल, महावीर वर्मा मधुर, कवि प्रेम निर्मल, डॉ. अनिल बाजपेई, अजय मंगल सर्राफ, प्रभात अग्रवाल आदि विशिष्ट साहित्य-प्रेमी के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविद् विजय कुमार गोयल को राष्ट्र गौरव सम्मान से विभूषित किया गया। साथ ही 11 अगस्त 1942 के स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद हुए तत्कालीन डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी चौधरी रघुवीर नारायण त्यागी के सुपुत्र को भी शाल ओढ़ाकर नमन किया गया।काव्यपाठ सत्र में कवियों ने ऑपरेशन सिंदूर के भाव से ओतप्रोत रचनाओं का प्रस्तुतीकरण किया। जिनमें देशभक्ति, शौर्य और सत्य के लिए समर्पण की दिव्य भावना प्रवाहित हुई। कवि प्रेम निर्मल ने कहा कि प्रबल प्रतापी देशभक्त ये सैनिक हिन्दुस्तान के,इन्हें देखना दम है कितना, पाँवों में तूफान के।डॉ.अनिल बाजपेई ने अपने ओजस्वी शब्दों से कहा कि घर में घुसकर पाक का, जा तोड़ा अभिमान, ऑपरेशन सिंदूर का सफल हुआ अभियान। राम आसरे गोयल ने कहा कि अरे पाक तू कैसा पाक, एक नपुंसक तू नापाक।महावीर वर्मा ह्यमधुरह्न ने स्वर उठाया,जो भारत की बेटी के सिंदूर पर हाथ लगाएगा,

ऑपरेशन सिंदूर से उसका दर्प मिटाया जाएगा।अशोक गोयल ने कहा आज नपुंसक लोगों ने फिर निदोर्षों को मारा है। डॉ.आराधना बाजपेई ने अपने अध्यात्म-सिक्त भावों से वातावरण को आलोकित किया।मन के दीप जलाइए, ढूंढे सच की राह, भले गिरे गहरा तिमिर, क्या उसकी परवाह।वर्षा जैन ने कहा कश्मीर ये हमारा, है स्वर्ग का नजारा, हमने धरा पे जिसको, आकाश से उतारा।गरिमा आर्य की काव्य प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के भावपूर्ण क्षण में राम आसरे गोयल ने अपनी स्वर्गीय पत्नी सुषमा जी की स्मृति में कवयित्री वर्षा जैन को सम्मानित किया।अन्य रचनाकारों में शिव प्रकाश शर्मा, मोहनलाल तेजयान, पूनम अग्रवाल, शहवार नावेद और वर्षा जैन ने भी अपने भावपूर्ण काव्यपाठ से सबका मन जीत लिया।

# कान्हा की नगरी में मना छठ महापर्व, उगते सूर्यदेव को अर्घ्य देकर छठ पूजा हुई संपन्न

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** कान्हा की नगरी में लोक आस्था का महापर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चार दिवसीय छठ महापर्व में लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया, घाटों पर जगह-जगह छठी माई के गीत सुनने को मिले। छठ पूजा के चतुर्थ दिवस में मंगलवार की सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देकर छठ महापर्व संपन्न हुआ। छठ महापर्व का एक मनोहारी दृश्य मथुरा रिफाइनरी नगर स्थित नगर चौपाल में देखने को मिला, यहां सैकड़ों की संख्या में नगरवासी छठ महापर्व मनाने के लिए एकत्रित हुए और भास्कर भगवान सूर्यदेव की आराधना करते हुए अर्घ्य अर्पित किया।

छठ महापर्व के बारे में नगरवासी ने बताया कि छठ महापर्व चार दिनों तक चलने वाला एक अत्यंत पवित्र और कठोर अनुष्ठान है और भगवान भास्कर सूर्य नारायण की पूजा की जाती है, जिसमें अस्ताचलगामी सूर्य और उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। व्रती महिलाएं कमर तक पानी में जाकर छठ के व्रती सूर्य को अर्घ्य देती हैं और उसके बाद ठेकुआ प्रसाद के साथ व्रत का समापन होता है।छठ महापर्व में महिलाएं 36 घंटे का निर्जला उपवास व्रत भी रखती हैं, इस दिन व्रती महिलाएं जल में डुबकी लगाकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देती हैं और अपने परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीघार्यु और जीवन में ऊर्जा की कामना करती हैं।

चार दिवसीय यह पर्व 25 अक्टूबर को ह्यनहाय-खायह्न के साथ शुरू हुआ था और आज 28 अक्टूबर को उगते सूर्यदेव को अर्घ्य देकर छठ महापर्व संपन्न हुआ है। सूर्य देव को अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने घर लौटकर श्रद्धापूर्वक पारण किया है और 36 घंटे के निर्जला उपवास के बाद यह क्षण भक्ति और संतोष से भरा हुआ है। परंपरा के अनुसार, व्रत का पारण कच्चे दूध का शरबत, ठेकुआ, या गुड़-चावल की खीर खाकर किया गया है।

महिलाओं ने पूजा स्थल पर दीप जलाकर छठी मईया का आभार प्रकट करते हुए परिवार सहित प्रसाद ग्रहण किया। मथुरा रिफाइनरी नगर में छठ महापर्व का आयोजन भारतीय सांस्कृतिक समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित किया है।

## पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्वदवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना बेलहरकला उ0नि0 नन्दा प्रसाद, हे0का0 ज्ञानेन्द्र जायसवाल व हे0का0 राजीव सिंह यादव ने मु0अ0स0 218/2025 धारा 87,70, 351(2) बीएनएस व 3(2)(५) एससी / एसटी एक्ट थाना बेलहरकला के मामले में वांछित मोहम्मद शमीम पुत्र मोहम्मद मुस्तफा निवासी ग्राम पसनारा थाना बेलहरकला को रमवापुर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## इलेवन स्टार कप 2025 स्टेट फुटबॉल टूनार्मेंट का आगाज सीतापुर और पीलीभीत के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर-खीरी।** ओलंपिक संघ उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त इलेवन स्टार कप 2025 स्टेट फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ मंगलवार को जोश और उत्साह के साथ हुआ।खीरी कस्बे के कॉलर फील्ड में दोपहर दो बजे के बाद टूनार्मेंट की शुरूआत हुई। हालांकि सुबह से जारी बूंदाबांदी के चलते उद्घाटन समारोह स्थगित करना पड़ा, जिसे अब कल यानी बुधवार को आयोजित किया जाएगा।

पहले दिन खेले गए मुकाबले में पीलीभीत टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीतापुर टीम को 3-0 से पराजित किया। खिलाड़ियों ने उम्दा खेल दिखाते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया।भारी संख्या में दर्शक मैदान में उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और पूरे मैच के दौरान जोश बनाए रखा।मैच के मुख्य अतिथि चेयरपर्सन प्रतिनिधि फहीम अहमद ने बॉल दोनों टीमों के मध्य उछालकर मैच की शुरूआत कराई और खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे टूनार्मेंट ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देते हैं और युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करते हैं। खेल से अनुशासन, टीम भावना और स्वास्थ्य का संदेश मिलता है। मैच के दौरान रेफरी की भूमिका लखीमपुर के काजी ने निभाई, जबकि लाइनमैन के रूप में चाँद (लखीमपुर) और वकील खान (खीरी) सक्रिय रहे।कमेंट्री का संचालन कबीर अहमद ने जीवंत अंदाज में किया, जिससे दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया।

## सार संक्षेप

### प्रभारी निरीक्षक दुधारा ने ली पुलिसकर्मियों की बैठक

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक श्री अरविंद शर्मा ने थाने के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान, प्रभारी निरीक्षक अरविंद शर्मा ने उच्चाधिकारियों के आदर्शों एवं निर्देशों से सभी पुलिसकर्मियों को अवगत कराया और उन्हें जनता के प्रति संवेदनशील एवं जवाबदेह तरीके से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त, हाल ही में संपन्न हुए दीपावली एवं छठ पर्व के शांतिपूर्ण एवं सकुशल तरीके से बीत जाने पर उन्होंने थाने के समस्त स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने पर्वों के दौरान उत्कृष्ट ड्यूटी और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिसकर्मियों के समर्पण की सराहना की। प्रभारी निरीक्षक ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी/कर्मचारी उच्चाधिकारियों के आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और आगामी चुनौतियों के लिए तैयार रहें। यह बैठक पुलिस कर्मियों को एकजुट करने, उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करने और कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

### डॉ वी सी शर्मा विश्व ब्राह्मण संघ के जिला संरक्षक हापुड़ नियुक्तः पंडित रविकांत शर्मा



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** विश्व ब्राह्मण संघ यूपी (भारत) के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुचें चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सोमदत्त शर्मा एवं यूपी कार्यकारी अध्यक्ष पंडित माया प्रकाश शर्मा की उपस्थित में संगठन का विस्तार करते हुए यूपी उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने डॉ वी शर्मा को जिला संरक्षक हापुड़ और पंकज शर्मा को जिला प्रवक्ता हापुड़ तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया गया !विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) की नीतियों का ब्राह्मण समाज के जन जन तक पहुंचाने का काम शुरू करे !आपको बता दें कि विश्व ब्राह्मण संघ यूपी (भारत) के तत्वावधान में ब्राह्मण शिरोमणि स्व पंडित मांगे राम शर्मा जी का द्वितीय स्मरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन आर जी सुमंगलम्फार्म हाउस हापुड़ में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि महामहिम पूर्व राज्यपाल राजस्थान एवं केंद्रीय मंत्री कलराज मिश्रा ने स्व पं० मांगेराम शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजली अर्पित की !

# आराधना सिंह बनीं ग्रामीण महिला उद्यमिता की प्रेरणा

वेलकम इंडिया



**अमेठी।** जनपद अमेठी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं द्वारा स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयास अब प्रेरणादायक परिणाम दे रहे हैं। डीएम संजय चौहान एवं सीडीओ सूरज पटेल के मार्गदर्शन में जनपद में महिला स्व-सहायता समूहों की गतिविधियाँ तेजी से विस्तार पा रही हैं, जिससे ग्रामीण महिलाएँ आर्थिक, सामाजिक एवं पारिवारिक स्तर पर सशक्त हो रही हैं।

विकास खंड भादर की ग्राम पंचायत घोरहा निवासी आराधना सिंह, जो राधेरानी स्वयं सहायता समूह एवं अमर संकुल संघ से जुड़ी हैं, ने ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के लिए नई दिशा निर्धारित की है।

पूर्व में जहाँ इस ग्राम पंचायत में महिलाएँ समूहों से जुड़ने में संकोच करती थीं, वहीं आराधना सिंह ने उस धारणा को तोड़ते हुए आगे कदम बढ़ाया। उन्होंने नर्सरी विकास, कृषि फार्मिंग एवं सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर अन्य महिलाओं के लिए मिसाल कायम की है।

समूह से जुड़ने से पूर्व आराधना सिंह का परिवार आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहा था। घरेलू आय सीमित थी, बच्चों की शिक्षा और परिवार के दैनिक खर्च पूरे करना कठिन हो रहा था। ग्रामीण परिवेश में महिलाओं के रोजगार की संभावनाएँ सीमित थीं, जिसके कारण उन्हें सामाजिक ताने और आर्थिक निर्भरता का सामना करना पड़ता था।

राधेरानी स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद आराधना सिंह ने अपने कार्यों की दिशा बदल दी। उन्होंने नर्सरी स्थापना, कृषि फार्मिंग और मौसमी सब्जी उत्पादन शुरू किया, जिससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित हुए। वर्तमान में आराधना अपने समूह की अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण एवं कार्य के अवसर प्रदान कर रही हैं, जिससे उन्हें मासिक आमदनी प्राप्त हो रही है। अब आराधना अपने परिवार के साथ-साथ समाज में भी सम्मान का स्थान अर्जित कर चुकी हैं।

मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने बताया कि जनपद में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (ठफछट) के अंतर्गत प्रत्येक विकासखंड में महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर करने के लिए प्रशिक्षण, ऋण सहायता एवं विपणन सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ह्लआराधना सिंह जैसी महिलाएँ ग्रामीण भारत की सशक्त पहचान हैं, जो अपनी मेहनत और लगन से न केवल अपनी स्थिति सुधार रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रही हैं। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि ह्लमहिलाओं की भागीदारी के बिना ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ नहीं हो सकती। प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में महिला समूह सक्रिय रूप से आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करें।

# गैंगस्टर की एक करोड़ की अवैध संपत्ति कुर्क



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर अपराधी शिव सिंह निवासी जतीपुरा की करीब एक करोड़ रुपये मूल्य की अवैध संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर दिया। गोवर्धन परिक्रमा के जतीपुरा के रहने वाले शिव सिंह पर गिरोहबंद एवं संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ हेतु अपराध कर अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। इसी के तहत गांव जतीपुरा में उनके तीन प्लाट जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपये है, को कुर्क किया गया। डीएम द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में सीओ अनिल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार जयंती, थाना प्रभारी रवि त्यागी की मौजूदगी में सोमवार को संपत्ति कुर्क की गई।

मौके पर संपत्ति पर कुर्कशुदा का बोर्ड लगाया गया तथा मुनादी की कार्रवाई भी कराई गई। सीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों की अवैध कमाई पर अब सख्त प्रहार जारी रहेगा। समाज में भय और कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी निरंतर की जाएगी।

# मथुरा में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन सम्पन्न हुआ



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** प्रधानाचार्या राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सिरिया की नगरिया ने अवगत कराया है कि राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज सिरिया की नगरिया मथुरा में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में थाना जमुनापार के सब इंस्पेक्टर नरेन्द्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान भावना भोला चौधरी एवं प्रधानाचार्या रा0बा0इ0 कॉलेज फरह नम्रता बरौलिया एवं प्रधानाचार्य रा0ई0 कॉलेज दुघेटा डॉ0 अखिलेश यादव एवं प्रधानाचार्य प्रेम महाविद्यालय इण्टर कॉलेज डा० देव प्रकाश शर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य कुन्दन सिंह, ब्रजेश सिंह एडवोकेट, पुष्पेन्द्र सिंह सोफ्टवेयर इंजीनियर, महिला संगठन समूह से पुष्पादेवी द्वारा अपने अपने उद्बोधन में रोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करते हुए आकर्षक बनाया गया। रा0का0इ0 कॉलेज, सिरिया की नगरिया की प्रधानाचार्या विनीता माहेश्वरी द्वारा उपरोक्त आयोजन में उपस्थित रहे।

# कांडा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को विधायक ने दिलाई शपथ



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कांडा में मल्टीप्लेक्स पार्किंग बनाने की घोषणा की।

कांडा कालिका मंदिर परिसर में आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह में विधायक ने कहा कि सरकार व्यापारियों के हित के लिये कार्य करती रही है। उन्होंने कांडा में मल्टीप्लेक्स पार्किंग, सुलभ शौचालय, कांडा का कालिका मंदिर व भद्रकाली मंदिर जुड़ेगा मानसखंड से जोड़ने की घोषणा की। इससे पूर्व उन्होंने अध्यक्ष पद पर जितेंद्र वर्मा, महिला उपाध्यक्ष जानकी शाह, भगवान माजिला, हिमांशु कांडपाल, सचिव राजू पांडेय, उप सचिव कुशाल सिंह, कोषाध्यक्ष कुंदन नगरकोटी, मिडिया प्रभारी महेश पांडेय, सोनू पंत, विजय सिंह कार्की ने पदाधिकारियों के रूप में शपथ ली।

कांडापड़ाव के व्यापारी गुड्डू कांडपाल ने कांडा पड़ाव में सुलभ शौचालय निर्माण के लिए निःशुल्क भूमि देने पर सहमति दी। जिस पर विधायक ने कांडा में विधायक निधि से हाईटेक शौचालय निर्माण की घोषणा की।

कांडा व्यापार मंडल अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने पांच सूत्रीय मांग पत्र विधायक को सौंपा।जिसमें कांडा बाजार, पड़ाव में सोलर लगाने, सीसी टीवी कैमरे लगाने की मांग की।वही क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं।क्षेत्र की समस्याओं का प्रस्ताव मिलने पर शासन स्तर से मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के सहयोग से विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर तक विकास किया जा रहा है।

उन्होंने सभी लोगों से विकास योजनाओं में सहयोग की अपील की।कहा कि जल्द विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति मिलने वाली है।इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष दरवान सिंह बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष और पूर्व ब्लाक प्रमुख मनोहर राम, सविता नगरकोटी, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# इंस्पेक्टर प्रताप सिंह और एसआई करीना ने बढ़ाया बेटियों का हौसला

वेलकम इंडिया



**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चल रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत मंगलवार को थाना किठौर क्षेत्र के ग्राम जड़ोदा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी इंस्पेक्टर प्रताप सिंह और सब इंस्पेक्टर करीना ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने छात्राओं को बताया कि सुरक्षा आत्मविश्वास से शुरू होती है। उन्होंने बेटियों को निडर होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया और कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।वहीं, एसआई करीना ने छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक तरीके सिखाए और यह भी बताया कि किसी भी आपात स्थिति में वे तुरंत पुलिस सहायता नंबर 112, 1090, 181 और 1930 पर संपर्क कर सकती हैं।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुलिस अधिकारियों से सवाल पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया। इंस्पेक्टर प्रताप सिंह और एसआई करीना ने कहा कि पुलिस का मकसद सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि समाज को सशक्त बनाना और उनके मन से डर मिटाना भी है।

# रद्दी गोदाम में लगी भीषण आग दमकल की ने आग पर पाया काबू



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद के नगर के मोहल्ला तगा सराय में स्थित एक रद्दी गोदाम में देर रात आग लग गई आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया जानकारी के अनुसार मोहल्ला तगासराय में हाजी आजाद का गोदाम है जिसमें बह कबाड़ी का काम करते हैं देर रात अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई सूचना पर अऊट संदीप कुमार और मुख्य अग्निशमन अधिकारी सीएफओ पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारीयों ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और इस घटना में लाखों रुपये की नुकसान की आशंका है पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रण में रखा और आसपास की दुकानों व मकानों को सुरक्षित किया आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# बहादुरगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता बीस हजार रुपये का ईनामी अबूजर मुठभेड़ में गिरफ्तार

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के थाना प्रभारी निरीक्षक धीरज मलिक पुलिस टीम ने 20 हजार के इनामी ने पुलिस पर की फायरिंग।फायरिंग कर भाग रहे बदमाश से पुलिस और बदमाश की मुठभेड़।देर रात्री में थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र में पुलिस और 20 हजार रुपये के इनामी बदमाश अबूजर के बीच मुठभेड़ हो गई। बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की।

मुठभेड़ के दौरान बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया।पुलिस के अनुसार, घायल बदमाश अबूजर थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र का रहने वाला है, जो कुछ माह पूर्व हुए हिंदू-मुस्लिम झगड़े में मुख्य आरोपी था और तभी से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

सोमवार रात गश्त के दौरान पुलिस टीम ने उसे संदिग्ध हालत में देखा। रोकने पर उसने पुलिस पर गोली चला दी, जिसके बाद जवाबी फायरिंग में वह घायल हो गया।घायल बदमाश को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। मौके से एक देशी तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद की गई है।जिले के पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि अबूजर कई गंभीर मामलों में वांछित था। फरार साथी की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री पंडित दिनेश शर्मा भागवत कथा डासना में पहुंचे

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**गाजियाबाद।** जनपद के डासना में अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी और उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री पंडित दिनेश शर्मा पहुंचे भागवत कथा डासना जिला गाजियाबाद में अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित दिनेश शर्मा आज भागवत कथा श्री राम कालोनी डासना में पहुंचे।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होटल कृष्णा सागर, आई एम एस कॉलेज के सामने डासना होटल में ठहरे हुए थे। जहां पर सुबह से ही संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी सुबह पहुंचे और राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का भव्य स्वागत किया गया। होटल में पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया जिसमें पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों ने अपने विचार व्यक्त किए । इसके उपरांत दोपहर 2 बजे उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री पंडित दिनेश शर्मा जी होटल कृष्णा सागर डासना गाजियाबाद किया। जहां अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी और संगठन के अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश पंडित बिजेंद्र शर्मा, प्रदेश प्रभारी पंडित प्रदीप शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित दिनेश शर्मा, परशुराम सेना के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंडित जुगल किशोर शर्मा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश सचिव पंडित अनुज शर्मा ढाना , प्रदेश संरक्षक पंडित निशांत भार्गव ने उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री पंडित दिनेश शर्मा जी का फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया। भागवत कथा व्यास पंडित राम कृष्णा दास जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा अध्यक्ष पंडित के सी पांडेय के साथ, अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा संगठन से पश्चिमी प्रदेश संयोजक महिला प्रकोष्ठ श्रीमति सुशीला शर्मा, जिलाध्यक्ष गाजियाबाद पंडित रामकिशन शर्मा, जिलाध्यक्ष बुलंदशहर पंडित प्रवीण शर्मा, जिलाध्यक्ष मेरठ पंडित मनोज पाण्डेय, जिलाध्यक्षा महिला प्रकोष्ठ गाजियाबाद श्रीमति ज्योति शर्मा, जिलाध्यक्षा महिला प्रकोष्ठ हापुड़ श्रीमति मोहिनी शर्मा, जिलाउपाध्यक्ष शामली पंडित शुभम शर्मा, जिलाउपाध्यक्ष बुलंदशहर पंडित कृष्णा भारद्वाज, जिलाउपाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर पंडित सुरेश शर्मा, जिलाउपाध्यक्ष हापुड़ पंडित संजय शर्मा शास्त्री व पंडित प्रभात शर्मा, जिला प्रभारी महिला प्रकोष्ठ मेरठ दीपा शर्मा, जिला प्रभारी शामली पंडित सूरज शर्मा, जिलाउपाध्यक्ष परशुराम सेना हापुड़ पंडित मोहित शर्मा, मीडिया प्रभारी शामली पंडित आदेश शर्मा, जिला प्रभारी गाजियाबाद पंडित शरद शर्मा, जिला प्रवक्ता गाजियाबाद पंडित राजीव शर्मा, पंडित हरीश शर्मा प्रवक्ता पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंडित अभिषेक तिवारी नगर अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने पशुओं पर क्रूरता करने वालों पर शिकंजा कसा : अभिषेक पांडेय

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के कार्तिक गंगा मेले में कुछ श्रद्धालु आस्था के नाम पर हुड़दंग करने से बाज नहीं आ रहे। इन हुडदंगियों ने प्रतिबंध के बावजूद भी पशुओं पर क्रूरता करते हुए उन्हें सड़कों पर खूब दौड़ाया जिसके बाद पुलिस-प्रशासन भी सख्त हो गया। हापुड़ के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने खुद मामले में संज्ञान लिया जिन्होंने पशुओं पर क्रूरता करने वालों पर शिकंजा कसा। इस दौरान कील वाले डंडे भी बरामद हुए हैं जिन्हें भैंसों को चुभाकर उन्हें सड़कों पर दौड़ाया जाता है। ऐसे में कई बार हादसे भी हो जाते हैं। यह पशु क्रूरता के साथ कानून का उल्लंघन भी है।

जिलाधिकारी के साथ-साथ गढ़ कोतवाली पुलिस भी शिकंजा कसती दिखाई दी। आस्था व परंपरा के नाम पर पशु दौड़ कराते हैं। ऐसे में वह पशुओं पर जमकर अत्याचार करते हैं लेकिन पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सख्त है जिसने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी स्थिति पर पशु दौड़, नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी हापुड़ ने सोमवार की रात स्वयं गश्त कर हाईवे पर पशुओं को दौड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। उनसे कील वाले डंडे बरामद कर लिए और भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत दी।

गढ़ कोतवाली प्रभारी ने भी पशुओं पर क्रूरता करने वालों पर शिकंजा कसा।इस समय सड़कों पर प्रतिबंधित भैंस दौड़ के साथ-साथ ट्रैक्टर में तेज आवाज में गाने बजाने, बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ने के साथ-साथ स्टंटबाजी हो रही है। आस्था के नाम पर यह सब कुछ किया जा रहा है। इसके खिलाफ कार्रवाई का क्रम जारी है।

# तीर्थ नगरी ब्रजघाट गंगा में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व का समापन







वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद के तीर्थ नगरी ब्रजघाट में देशभर में लोक आस्था का पर्व छठ पूजा उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया बिहार झारखंड और उत्तर प्रदेश समेत हापुड़ के ब्रजघाट गंगा घाटों पर भक्तों की भीड़ उमड़ी।

पारंपरिक गीतों के बीच महिलाओं ने कल पहले अस्ताचलगामी और फिर आज उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया।जिसके चलते बृजघाट के गंगा घाटों पर व्रती महिलाओं की भारी भीड़ दिखाई दी जो आज सुबह से ही भगवान सूर्य देव के दर्शन के लिए गंगाजल में खड़ी थी तट पर हजारों श्रद्धालु परिवारों सहित पहुंचे छठ महापर्व के दौरान घाट भक्ति गीतों ढोलक की थाप और पारंपरिक गीतों से गुलजार रहे प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए विशेष इंतजाम किए गए स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव अपनी टीम के साथ घाटों पर गश्त करते नजर आए चार दिन चलने वाला यह पर्व सूर्य देव और छठी मैया की आराधना के साथ संपन्न हुआ जिसने एक बार फिर पूरे देश को आस्था और एकता के रंग में रंग दिया। इसी मौके पर ब्रजघाट चौकी प्रभारी इन्द्रकांत यादव भी अपने पुलिस टीम के साथ नजर आए।

# सभी राजनैतिक दल और मतदाता , विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में दें सहयोग: जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण, एसआइआर के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के द्वितीय चरण में देश के 12 राज्यों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कराने का निर्णय लिया है।इन राज्यों में उत्तर प्रदेश भी शामिल है।

यह पुनरीक्षण आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा-निदेशों और समय-सारणी के अनुसार आयोजित किया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि समस्त अर्ह नागरिक निर्वाचक नामावली में पंजीकृत हो जाए एवं निर्वाचक नामावली में दर्ज नाम, पता, आयु एवं अन्य प्रविष्टियों में विद्यमान त्रुटियों को दूर कर दिया जाए तथा कोई भी अनर्ह मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में विद्यमान न रहे। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि प्रदेश में इसके पहले विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण वर्ष 2003 में हुआ था।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सर्वप्रथम 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर, 2025 तक विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण (रकफ) से संबंधित तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों का मुद्रण किया जायेगा। 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का मतदाताओं को वितरण किया जायेगा एवं प्रपत्रों को भरवाकर प्राप्त किया जायेगा।नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे और आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि 09 दिसम्बर, 2025 से 31 जनवरी, 2026 तक होगी।07 फरवरी, 2026 को अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वॉइन मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता, उप जिलाधिकारी महावन कंचन गुप्ता, उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही, तहसीलदार गोवर्धन सुशील कुमार गुप्ता, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### गृह कलेश से परेशान होकर बुजुर्ग ने ब्रजघाट गंगा में लगाई छलांग गोताखोरों ने बचाया जान

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र ब्रजघाट तीर्थ नगरी ब्रजघाट में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने गृह कलेश के चलते सोमवार को गंगा में छलांग लगा दी गोताखोरों ने तत्परता दिखाते हुए बुजुर्ग व्यक्ति को सकुशल बाहर निकल लिया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचीं जानकारी के अनुसार बुजुर्ग व्यक्ति हापुड़ की ओर से आ रहा एक ओटो से गंगा पुल पर उतारा और काफी समय पुल और हाईवे पर टहलता रहा कुछ देर बाद गंगा के किनारे एक नांव में चढ़कर गंगा में छलांग लगा दी बुजुर्ग को कूदता देख गोताखोर ने मोटर बोट लेकर गंगा में पहुंच गये और बुजुर्ग को सकुशल बाहर निकल लिया सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचीं पुलिस ने बुजुर्ग से की पूछताछ बुजुर्ग ने बताया कि यह कदम गृह कलेश से परेशान हो कर उठाया है पुलिस ने परिजनों को सुपुर्द कर दिया है पुलिस ने परिजनों को भविष्य में बुजुर्ग को परेशान ना करने की सख्त हिदायत भी दी है और ऐसा ना करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### युवक पर फावड़े से हमला करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया महमूद रजा

**मंडावर।** पुलिस ने जमीनी विवाद मे बिच बिचाला करने पहुचे युवक पर फावले से हमला करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।रविवार की सुबह गाँव शहबाजपुर निवासी सागर सिंह व दिनेश सिंह मे जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई थी।जिसमे बिच बिचाला करने पहुचे पड़ोसी योगेश पुत्र रामस्वरुप पर दिनेश पक्ष के लोगो ने फावले से उसके सिर मे जान से मारने के इरादे से हमला कर घायल कर दिया था।सुचना पर पहुंची पुलिस ने योगेश को जिला मेडिकल अस्पताल मे भर्ती कराया था। जहा से चिकित्स्कों ने योगेश की हालत गंभीर देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया था।जिस सम्बन्ध मे योगेश के पिता रामस्वरूप की ओर से थाने मे नितिन, आकाश पुत्रगण दिनेश व ब्रह्मपाल, लक्ष्मण, लोकेन्द्र पुत्रगण हिरा सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।सोमवार को पुलिस ने ब्रह्मपाल, लक्ष्मण व लोकेन्द्र को गिरफ्तार कर चलान कर दिया। हल्का दरोगा मेन कुमार ने बताया की तीनो आरोपियों का चलान कर कोर्ट मे पेश किया गया था।जंहा से तीनो को जेल भेज दिया गया है।

## ब्रज रज में होता रहा है फिल्मी उत्सव

# ब्रज के कलाकारों को उन्हीं के लिए बने मंच पर नहीं मिलती मुख्य प्रस्तुति

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** ब्रज रज उत्सव ।इतने सुन्दर वाक्य के श्रजन में अनेक पुरोधा लगे लेकिन पहले ब्रज रज उत्सव में भी कैलाश खैर जैसे नामचीन गायकों को तवज्जो मिली। ब्रज कला और कलाकार पिछले पायदान पर ही रहे। हालिया आयोजित ब्रज रज उत्सव के शुभारंभ अवसर पर ब्रज संस्कृति के संवाहकों में से किसी को बुलाना तक उचित नहीं समझा। उत्सव ब्रज की कला और कलाकारों से ज्यादा फिल्म जगत के कलाकारों को ही फेम दे रहा है।इसे लेकर लोगों में नाराजगी है।

मंगलवार को इस आशय की एक बैठक पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया के आवास पर हुई।इसमें वक्ताओं ने बृज के कलाकारों को फेम न देने पर आक्रोश व्यक्त किया। समाजसेवी प्रहलाद यादव ने कहा कि कलाकारों को संगठित होकर एक होना होगा। समूचा विश्व ब्रज संस्कृति का दिवाना है। ठेठ ब्रज संस्कृति आधारित आयोजन भी अपार भीड़ जुटा सकता हैं लेकिन इसमें खर्चा कम होगा।इससे लोगों के निजी हित प्रभावित होंगे।डा. सीमा मोरवाल ने भी बृज की कलाकारों के कार्यक्रम दिनमें कराने तथा बाहरी एवं गैर ब्रज संस्कृति आधारित कार्यक्रमों की मुख्य प्रस्तुतियां कराने पर नाराजगी व्यक्त की।जिला गंगा समिति सदस्य दिलीप कुमार यादव ने कहा कि ब्रज के जन प्रतिनिधियों को ही ब्रज संस्कृति की चिंता नहीं है।पहले ब्रजरज उत्सव से ही फिल्मी कलाकारों को बुलाने की परंपरा चली आ रही है और उन्हीं को हाईलाइट किया जाता है। किसी ने इसका मुखर विरोध नहीं किया। नाट्यविद लोकेंद्र नाथ कौशिक जैसे कलाकारों ने दो 5 दिन तक भूख हड़ताल भी की लेकिन कोई कलाकार साथ नहीं आया। ब्रज संस्कृति की दुहाई देकर लाखों करोड़ों कमाने वाले लोग ठेठ ब्रज संस्कृति आधारित कार्यक्रम कराकर आदर्श प्रस्तुत करें। रासाचार्य अशोक स्वामी ने कहा कि इस सब के लिए कलाकार भी जिम्मेदार हैं।उनका न कोई संगठन है न एकता है। डा. राजेन्द्र कृष्ण अग्रवाल, दामोदर शर्मा, डोरीलाल गोला, जगदीश ब्रजवासी, अरुण,पूजा आदि कलाकारों ने कहा कि अधिकारियों को चिंतन करना होगा। अन्य जनपदों में भी क्षेत्रीय आयोजन होते हैं। वहां किसी बाहरी कलाकार को मौका नहीं दिया जाता। ब्रज रज उत्सव में भी केवल ब्रज संस्कृति का प्रदर्शन होना चाहिए ?।

# संस्कृति, प्रकृति, कर्तव्य और लोक आस्था का पर्व हैं छठ : अखंड प्रताप सिंह

वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी



**वाराणसी मिजार्मुराद** ।छठ महापर्व भारत मे सबसे पवित्र व कठिन पर्व हैं, जो सूर्य देव और छठी मैया की उपासना के लिए मनाया जाता हैं।इसकी परंपरा रामायण और महाभारत काल से जुड़ी मानी जाती हैं। आज भी यह सनातन संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं।

उक्त बातें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने मंगलवार को छठ पर्व पर व्यक्त की।दानगंज (तरांव) स्थित भाजपा नेता के आवास पर छठ पर्व पर विशेष आयोजन रहा।महिलाओं हेतु जलाशय (कुंड) का विशेष निर्माण कराने के साथ ही उसे आकर्षक ढंग से सजाया गया था। फूल-माला व रंग-बिरंगी विद्युत लाइटें भी लगाई गई थी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की विशेषता यह है कि यहां प्रत्येक पर्व आज भी केवल उत्सव नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन का वाहक हैं।छठ पर्व भारतीय लोक आस्था का ऐसा उत्सव हैं, जिसमे लोक की ऊर्जा, मातृ शक्ति का गौरव, जल-धरा-आकाश का पवित्र तादात्म्य और सूर्य उपासना की परंपरा एक साथ साकार होती हैं।

इस अवसर पर अवनीश सिंह, शुभम सिंह, सौरभ सिंह, संध्या सिंह, नेहा, अंकिता, जान्हवी समेत अन्य उपस्थित रहे।

# डीआईजी मेरठ रेंज ने रिजर्व पुलिस लाइन गढ़ मेला हापुड़ में की ब्रीफिंग

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद मे आयोजित होने वाले प्रसिद्ध गढ़ गंगा मेला (कार्तिक पूर्णिमा)-2025 के पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र श्री कलानिधि नैथानी द्वारा जिलाधिकारी हापुड़ श्री अभिषेक पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक हापुड़ श्री कुंवर ज्ञानंजय सिंह के साथ रिजर्व पुलिस लाइन गढ मेला में समस्त राजपत्रित अधिकारी, समस्त जोनल/ सेक्टर प्रभारी एवं मेला क्षेत्र मे बनाये गये समस्त थानो के थाना प्रभारियों को ब्रीफ किया गया । मेले को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु ब्रीफिंग के दौरान निम्नलिखित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये- एनडीआरएफ/ एसडीआरएफ/ पीएसी की कुल 12 नाव है, सभी का चार्ट तैयार करें तथा एनडीआरएफ / एसडीआरएफ/ पीएसी के अधिकारियों की जिम्मेदारी फिक्श करें।

सभी नावों पर लाइफ जैकेट, लाउड हेलर, टॉर्च रखे। वर्जित क्षेत्र मे भी सुरक्षा की दृष्टि से नाव अवश्य रखें ।सभी घाटो पर उ0नि0 की तैनाती करें ।बैरिकेटिंग का फैलाव ज्यादा से ज्यादा करायें ।गहरे पानी के साईनेज लगायें तथा गहरे पानी में लाल झंडे अवश्य लगाये एवं डबल बेरिकेटिंग करायें।

कंट्रोल रूम का मोबाईइल नम्बर सभी थानो तथा जोनल सैक्टर मजिस्ट्रेट के पास रहे एवं सभी सीओ व थाना प्रभारियों के पास एम्बुलेंस चालक का मोबाईल नम्बर भी रहे ।कन्ट्रोल रूम में फायर सर्विस, एम्बुलेंस चालक, नाविक के नम्बरो की सूची उपलब्ध रहे ।बैरियर पर लगे फोर्स को भली भांति ब्रीफ कर दें तथा मेला अवधि के दौरान हाईवे को जाम मुक्त बनाने के लिए रूट डायवर्जन प्लान का सख्ती से पालन करें ।सभी थाना प्रभारी/ सेक्टर प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि रास्तो पर किसी भी दशा में अतिक्रमण ने होने पाये इसके लिए यातायात साईनेज ज्यादा से ज्यादा लगवाये ।आस पास के सभी जनपदो से आरटीओ से पत्राचार कर लिया जाये। लाउड हेलर पर्याप्त मात्रा में सभी को उपलब्ध करायें। सभी थाना प्रभारी अपने अधिनिस्थो को प्रत्येक दिन ब्रीफ करें, यदि कोई अधिकारी/कर्मचारी अनुसाशनहीनता करता है तो उसकी विरूद्ध विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करें ।एलाइल्यू को अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है अतः सतर्कता के साथ साथ संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित करें।

स्नान घाट व मेला क्षेत्र में महिलाओ के साथ छेड़छाड़ व अन्य घटनाएं न हों, इसके लिए सादी वर्दी में पुलिस कर्मियों को तैनात करें ।मेले मे किसी भी प्रकार के मादक पदार्थो का प्रयोग न हों, आबकारी विभाग मेले में शराब की धर पकड़ के लिए निरन्तर कार्यशील रहें एवं रोक थाम के लिए कड़े उपाय किये जाये ।शरारती तत्वो पर नजर रखने को वॉच टावरो पर राउण्ड द क्लॉक पुलिस कर्मी तैनात रखे जाये ।मेले के सफल आयोजन हेतु रेंज के जनपदो व अन्य जनपदों से बेहतर सामंजस्य बनाये रखने के भी निर्देश दिए गए ।

# जिलाधिकारी ने गंगा कार्तिक मेले का स्थलीय निरीक्षण कर मेले को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा विदुर कुटी गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले को सुव्यवस्थित, शांतिपूर्वक और सुविधाजनक रूप से संपन्न करने के लिए विदुर कुटी स्थित पुस्तकालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुख सुविधाओं, सुरक्षा व मेले में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मेले में पॉलिथीन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित कराएं तथा मेले में समस्त प्रमुख स्थान पर सीसीटीवी कैमरे तथा वॉच टावर भी स्थापित करें। इस मौके पर मा० जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप चौधरी ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला पौराणिक धार्मिक पर्व है, जो हमें गंगा-जमुनी तहजीब की सीख देता है। उन्होंने कहा कि गंगा किनारे लगने वाले इस मेले की शुरूआत तम्बुओं से होती है, इसलिए इसे तंबुओं का शहर कहा जाता है। विदुर कुटी घाट पर चलने वाले इस मेले में लाखों लोग तम्बू लगाकर अपने परिवार सहित गंगा के तट पर निवास करते हैं और आस्था की डुबकी लगाते हैं।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं, जिनमें सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा मेले के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे, सर्च लाइट सहित टॉवर्स स्थापित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन के अंतर्गत एनडीआरएफ टीम मेला स्थल पर ही मौजूद रहेगी इसके अलावा गोताखोर सहित और शक्तियों की भी पर्याप्त संख्या में व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मेला स्थल पर पांच बिस्तरों का अस्थाई अस्पताल स्थापित किया गया है, जो श्रद्धालुओं की सेवा के लिए 24 घंटे संचालित रहेगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की पूरी टीम उपलब्ध रहेगी और किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए मेला स्थल पर एंबुलेंस की सुविधा भी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने मेले के दौरान यातायात को सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं और बैरीकेटिंग आदि द्वारा वाहनों के आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस बल को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और शौचालय की सुविधाएं के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बिजनौर को आवश्यक निर्देश निर्गत किया जा चुके हैं।

## कृषि बीज गोदाम में बीज बदलने पर, ब्लॉक में हंगामा मुकदमा दर्ज

**कांधला।** विकास खण्ड परिसर में स्थित राजकीय कृषि गोदाम में अवकाश के दिन विभाग के कर्मचारियों के द्वारा बीज के बोरों को बदलकर उनकी कालाबाजारी करने का प्रयास किया जा रहा था। सूचना पर हंगामा हो गया, मौके पर जिला कृषि अधिकारी ने पहुंचकर तीन लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराते हुए पूरे प्रकरण की जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। मंगलवार को सरकारी अवकाश होने के कारण विकास खण्ड बंद था, ऐसे में ब्लॉक प्रमुख डा विनोद मलिक अपने किसी आवश्यक कार्य से विकास खण्ड परिसर में स्थित अपने कार्यालय में गए थे। विकास खण्ड परिसर में पहुंचने के बाद डा विनोद मलिक ने देखा कि परिसर में मौजूद राजकीय कृषि गोदाम का ताला खुला था, तथा मौके पर विभागीय कर्मचारियों के साथ अन्य कर्मचारी गोदाम के अंदर कार्य कर रहे थे। ब्लॉक प्रमुख ने गोदाम के अंदर जाकर देखा तो मौके पर विभागीय कर्मचारियों के सहित लगभग आठ कर्मचारी सरकारी बीजों को सरकारी बोरे से निकाल कर प्राइवेट बोरों में भर रहे थे। जब ब्लॉक प्रमुख ने उनसे ऐसा करने का कारण पूछा तो वह कोई स्पष्ट जबाब नही दे पाएं।

# प्रतापगढ़ के मेडिकल कॉलेज में हुआ पहला देहदान



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता उदय सिंह मौर्य , निवासी डेदुआ पट्टी प्रतापगढ़ के पिता इंजीनियर रमेश चंद्र मौर्य (75 वर्ष) का दिनांक 26 अक्टूबर 2025 को निधन हुआ, इंजीनियर रमेश चंद्र मौर्य ने जीवित रहते अपना शरीर मौर्य सभा प्रतापगढ़ के माध्यम से मरने के बाद मेडिकल कॉलेज को देहदान करने की घोषणा की थी, उसी क्रम में पूरा परिवार आज डॉ सोनेलाल पटेल मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ में मृतक शरीर का दान किए , डॉ रश्मि यादव वाइस प्रिंसिपल, डॉ रिचा पांडेय, नोडल अधिकारी देहदान डॉ आकांक्षा सिंह, डॉ शादिक सिद्दीकी, डॉ दीपिका व डाक्टर्स की टीम ने पूरे विधि-विधान से पूजन किया।

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया, बोले प्रतापगढ़ जनपद में पहली बार यह देहदान हुआ है, आपके के पांच पुत्र घनश्याम मौर्य एडवोकेट, डॉ राधेश्याम मौर्य हड्डी रोग विशेषज्ञ जिला अस्पताल प्रयागराज, नरसिंह मौर्य डायट प्रवक्ता वाराणसी, विजय सिंह मौर्य प्रवक्ता कटनी मध्यप्रदेश, उदय सिंह मौर्य एडवोकेट/ डीडी न्यूज संवाददाता, बहू गायत्री सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी, इटावा, कुसुम मौर्य एडवोकेट, ज्ञानती मौर्य आर्टिस्ट गोल्ड मेडलिस्ट ग्वालियर मध्यप्रदेश, मनीषा मौर्य अध्यक्ष जल प्रबंध समिति डेदुआ, उदय सिंह मौर्य के पिता के निधन से मीडिया जगत स्तब्ध, पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सांसद प्रमोद तिवारी, सांसद अमरपाल मौर्य, सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, सांसद शिवपाल सिंह पटेल, विधायक राजेन्द्र मौर्य, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ₹मोना₹ सपा के उप मुख्य सचेतक डॉ. आरके वर्मा ने इंजीनियर साहब के निधन को बताया समाज के लिए अपूर्णीय क्षति, इंजीनियर साहब का देहदान समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

# इंटर लोक सड़क निर्माण कार्य का पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने किया शिलान्यास



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**हापुड़।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 के मौहल्ला गणेशपुरा के लोगो का हित, सुरक्षा स्वास्थ बेहतर बनाने का कार्य निर्माण करने से हो रहा है चहुमुखी विकास, खराब रास्ते के 15 वे वित्त आयोग से होने वाले इंटर लोक नाली निर्माण कार्य का नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी ने सभासद विकास दयाल की उपस्थिति में शिलान्यास किया गया। सड़क निर्माण का शिलान्यास से लोगो में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी शिलान्यास से पूर्व जहां सभासद व मोहल्ले के लोगों ने पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी का फूल माला से किया स्वागत।सभासद विकास दयाल ने कहा मेरी प्राथमिकता है कि वार्ड के प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य हो उसी क्रम में आज शिलान्यास किया गया है। आगामी दिनों में देखोगे के विकास ओर तेज होने वाला है सभी सम्मानित जनता ने धन्यवाद दिया। शिलान्यास के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष के प्रति श्रीपाल ठेकेदार, नवरत्न कुमार, अजीत सिंह, नोनू सिंह मास्टर ऋषिपाल, नरेश चक्की वाले अशोक सूदन वाले, मास्टर धर्मेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

# धान से भरे ट्रक को पकड़ने पर किसानों का मंडी में हंगामा



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** नगर के कैराना मार्ग स्थित मंडी सचिव के द्वारा धान से भरे ट्रक को पकड़ने के बाद कार्यालय पर पहुंचे दर्जनों किसानों ने हंगामा करते हुए मंडी सचिव पर कई गंभीर आरोप लगाए इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। विगत कई दिनों से किसानों का धान से भरे वाहन हरियाणा यूपी बॉर्डर स्थित बिडोली चेक पोस्ट पर खड़े हुए था। ट्रक हरियाणा में नहीं दाखिल होने पर एक ट्रक चालक ट्रक को लेकर पानीपत के रास्ते से हरियाणा में दाखिल होने के लिए आ रहा था। मगर ट्रक चालक रास्ता भटक कर कांधला क्षेत्र में आ पहुंचा। मंडी सचिव अनुराग चतुवेर्दी कैराना मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे तो उन्होंने चेकिंग के दौरान धान से भरे ट्रक को रोक लिया। और पकड़कर मंडी ले गए, जिसकी सूचना मिलते ही किसानों में रोष फैल गया। मौके पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटियान दर्जनों किसानों के साथ नवीन सब्जी मंडी स्थित मंडी सचिव के कार्यालय पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। किसानों ने हंगामा करते हुए मुदार्बाद के नारे लगाए और कहा कि किसानों का लगातार अधिकारियों के द्वारा शोषण किया जा रहा है।

# कलचुरी महासभा ने मनाया जन्मोत्सव व दीप उत्सव

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** कलचुरी महिला सभा, झांसी और कलचुरी महासभा के तत्वावधान में आज भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन का जन्मोत्सव एवं दीप उत्सव स्थानीय होटल में मनाया गया। कार्यक्रम में पूजन-अर्चन के साथ-साथ मंगल गीत, भजन और सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। एक-दूसरे को बधाई भी दी गई। साथ ही दीपक प्रज्वलित कर भगवान को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती वर्षा राय जी, चेयरपर्सन ब्लू बेल्स स्कूल, श्रीमती मीरा विष्णु राय जी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, और अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. केश गुप्ता। कल्चुरी महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति ओमहरे विशिष्ट अतिथि थीं। श्रीमती गायत्री राय, कुंज वाटिका, और श्रीमती सुमन राय एस आर राय कॉलेज, भी उपस्थित थीं।

नीतू राय और श्रीमती सीमा राय ने सभी अतिथियों का सॉल और बैज पहनाकर स्वागत किया। श्रद्धा गुप्ता और रंजन राय ने भगवान सहस्त्रबाहु के जीवन पर प्रकाश डाला। श्वेता राय ने कार्यक्रम में बहुत ही सुंदर भजन प्रस्तुति दी। सभी बहनों ने आगे बढ़कर एक-दूसरे को गले लगाकर और सहस्त्रबाहु भगवान की जय-जयकार लगाकर बधाइयां दीं।

शाम में सहस्त्रबाहु अर्जुन चौराहे पर 501 दीपकों का दीपदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वंदना राय, डोली राय, हेमा राय, रजनी महाजन, आशा बडोनिया, सीमा शिवहरे, वंदना शिवहरे, पूजा चौकसे, सुमन राय, उमा गुप्ता, किरण राय, मीठी महाजन, और सुलेखा राय डॉ. दीपा राय सुमन राय रीना राय उपस्थित रही. संचालन डॉ रेनु शिवहरे ने किया और ज्योति ओम हरे और सीमा राय ने आभार व्यक्त किया।

## दो भाइयों पर मारपीट करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी दो भाइयों ने गांव के युवक के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है पीड़ित ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाईं है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी साकिब ने बताया कि पीड़ित विगत एक सप्ताह पूर्व गांव के ही समीम ठेकेदार के साथ मुरादनगर मजदूरी करने के लिए गया था उसके साथ गांव का ही एक युवक राजा भी गया हुआ था। पीड़ित का आरोप है कि राजा ने उसके साथ काम पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की पीड़ित जान बचाकर अपने गांव में आ गया। पीड़ित ने आरोपी के भाई बादल से शिकायत की तो आरोप है कि उसने भी उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है. मंगलवार को पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपी दोनों भाइयों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# हिंसक डॉग ने किया महिला पर हमला दिल्ली अस्पताल,रेफर

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा में एक हिंसक डॉग ने एक महिला पर जानलेवा हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया. परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर महिला को दिल्ली अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी महिला जास्मीन पत्नी सादिक अपने घर के बाहर गली में घरेलू कार्य कर रही थी। परिजनों के अनुसार तभी एक पागल हिंसक डॉग ने कार्य कर रही महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। पागल डॉग के द्वारा किए गए हमले से महिला ने शोर मचा दिया। महिला के चेक पुकार सुनकर आसपास के लोग डंडे लेकर दौड़ाया और हिंसक डॉग को मौके से दौड़ाया। परिजनों ने आनंन-फानन में घायल महिला को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल महिला को एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाने के बाद प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में दिल्ली अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। सरकारी अस्पताल के डॉक्टर वीरेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया कि एक महिला पर डॉग ने हमला कर दिया था परिजनों ने उपचार के लिए भर्ती कराया था। प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली अस्पताल भेजा गया है।

# मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी ने रेलवे स्टेशनों का किया निरीक्षण



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी ।** मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन ने 28 अक्टूबर 2025 मंगलवार को मंडल के औड़िहार-गाजीपुर रेलखण्ड पर तरांव एवं नन्दगंज रेलवे स्टेशनों का औचक निरीक्षण कियो इस दौरान उन्होंने स्टेशन की स्वच्छता के साथ-साथ केन्द्रीकृत स्टेशन पैनल, वीडर काउन्टर,रिले रूम,संरक्षा उपकरणों यथा लॉक एण्ड ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट,एक्सल काउंटर,डाटा लॉगर इत्यादि को देखा गयो इसके अलावा स्टेशन अभिलेखों यथा विफलता रजिस्टर, अनुरक्षण रजिस्टर,रिले रूम चाभी हस्तांतरण रजिस्टर,पॉइंट्स एण्ड क्रासिंग रजिस्टर,स्टेशन वर्किंग रूल इत्यादि की जाँच की इसके साथ ही उन्होंने प्लेटफार्म सहित अन्य यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया और सुरक्षा हेतु स्टेशन की दोनों तरफ सीमाओं पर मजबूत बाउंड्री वाल के निर्माण करने का निर्देश दिया।

## वाराणसी में छठ पूजा का सफल समापन

# मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने पूजा-अर्चना के साथ मां गंगा की सफाई कर पेश की मिसाल

**वेलकम इंडिया/सनी कुमार**



**वाराणसी।** आस्था, भक्ति और परंपरा के प्रतीक छठ पूजा का वाराणसी में मंगलवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ भव्य समापन हुआ। गंगा तटों पर व्रतियों ने उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। घाटों पर हजारों दीपों की रोशनी और छठ गीतों की मधुर गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर पर मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने भी पारंपरिक रीति-विधि से छठ मैया की पूजा-अर्चना की और सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। पूजा के बाद उन्होंने मां गंगा की सफाई अभियान में हिस्सा लेकर घाटों पर फैली गंदगी को साफ किया, जिससे उन्होंने स्वच्छता और आस्था का सुंदर संदेश दिया।

सचदेवा ने कहा कि ळ्छठ पूजा नारी शक्ति, आस्था और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत संगम है। मां गंगा हमारी जीवनरेखा हैं, उनकी स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है।ळ्

गंगा घाटों पर इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति गीत गाए, दीपदान किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए संकल्प लिया कि भविष्य में भी गंगा को निर्मल और अविरल बनाए रखने में अपना योगदान देंगे।

## स्कूटी सवार गड्ढे में गिरने से हुआ गंभीर रूप से चोटिल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर हाईवे में बने गड्ढे में स्कूटी सवार गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। नगर एवं क्षेत्र के लोगों ने सड़क को गड्ढा मुक्त कराए जाने की मांग की है। नगर के मोहल्ला माजरा निवासी पारस स्कूटी पर सवार होकर किसी कार्य से कस्बा एलम गया हुआ था। जैसे स्कूटी सवार अपना कार्य समाप्त कर वापस आ रहा था तो उसकी स्कूटी का पहिया बाईपास मार्ग पर बने गड्ढे में गिर गया जिस कारण स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# कैराना कोर्ट सख्त – एसडीएम व थाना प्रभारी की गैरहाजिरी पर फटकार

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** प्राचीन श्री रामलीला पंचवटी मंडप ट्रस्ट बनाम उप-जिलाधिकारी कैराना एवं अन्य वाद की सुनवाई के दौरान एसडीएम कैराना और कांधला थाना प्रभारी की अनुपस्थिति पर न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने इसे न्यायालय के आदेशों की खुली अवमानना करार देते हुए दोनों अधिकारियों को अंतिम अवसर प्रदान किया और चेतावनी दी कि यदि अगली तिथि तक संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, तो कठोर दंडात्मक आदेश पारित किए जाएंगे।सुनवाई के दौरान वादी पक्ष के अध्यक्ष आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने न्यायालय को अवगत कराया कि 12 सितंबर 2025 को पारित आदेश का जानबूझकर पालन नहीं किया गया। प्रतिवादी अधिकारियों ने न तो कोई जवाब दाखिल किया और न ही अदालत में उपस्थित हुए। वादी ने आरोप लगाया कि एसडीएम के मौखिक आदेशों के चलते धार्मिक आयोजन बाधित हुआ, जो न्यायालय के आदेशों का सीधा उल्लंघन है।

इस संबंध में उन्होंने ऑडियो रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी फुटेज को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया तथा ऑर्डर 39 रूल 2(ए) सीपीसी के तहत अवमानना दंड की मांग की।वादी पक्ष ने यह भी बताया कि सभी प्रतिवादियों को रजिस्ट्री और व्हाट्सएप के माध्यम से नोटिस भेजी जा चुकी हैं, जिससे यह साबित होता है कि उन्हें मामले की पूरी जानकारी है। इस पर न्यायालय ने टिप्पणी की कि यह आचरण आदेशों की खुली अवमानना के समान प्रतीत होता है।

अदालत ने प्रतिवादियों को अंतिम अवसर देते हुए अगली तिथि पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया, अन्यथा स्वतः संज्ञान लेकर अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी।

# युवती की आत्महत्या की चेतावनी के बाद आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया



**कांधला।** झिंझाना क्षेत्र की एक युवती द्वारा क क्षेत्र के युवक पर अनैतिक संबंध बनाने का दबाव डालने के आरोप में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला उस समय सुर्खियों में आया, जब पीड़िता ने न्याय न मिलने पर आत्महत्या की चेतावनी देते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिया था। बताया गया कि झिंझाना थाना क्षेत्र की एक युवती ने विगत सोमवार को थाने में तहरीर दी थी कि असदपुर जिड़ाना निवासी एक युवक रिहान ने कुछ समय पहले उससे निकाह किया था, जिसके बाद दोनों साथ रहने लगे थे। युवती का आरोप है कि निकाह के बाद आरोपी युवक उस पर अनैतिक कार्य करने का दबाव बनाने लगा और जब उसने विरोध किया तो युवक उसे छोड़कर चला गया।

## किशोरी लापता अज्ञात में हुआ अभियोग दर्ज

**कांधला।** कस्बा निवासी एक किशोरी घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई, पुलिस ने पीडित पिता की तहरीर पर अज्ञात में अभियोग दर्ज कराते हुए किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने दो दिन पूर्व थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर से कहीं चली गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसकी नाबालिग पुत्री का कहीं भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने गैर समुदाय के एक युवक पर उसकी पुत्री को ले जाने का शक जाहिर कर व एक मोबाइल नंबर तहरीर सहित पुलिस को देते हुए बताया था कि उसकी पुत्री इस नंबर पर बात करती थी।

# समाज सेविका कांति दीक्षित ने व्रती महिलाओं संग गंगा घाट पर उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** लोक आस्था के महापर्व डाला छठ के चौथे और अंतिम दिन 28 अक्टूबर मंगलवार की भोर में पूरे उत्तर प्रदेश में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला लाखों व्रती महिलाओं ने नदियों, तालाबों, सरोवरों और कुंडों के तटों पर पहुंचकर उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया इसी के साथ 36 घंटे तक चलने वाला निर्जला व्रत पूर्ण हुआ और पर्व का विधिवत समापन हो गया समाज सेविका कांति दीक्षित ने छठ पर्व को धूमधाम से मनाया गंगा घाट पर व्रती महिलाओं सँग उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया कांति दीक्षित ने कहा की सूर्य उपासना और आस्था के इस महापर्व छठ पूजा पर,सूर्य देव और माता छठी मइया से यही प्रार्थना है कि आपका जीवन सदा ऊर्जावान, प्रकाशमय और मंगलमय बनें यह पावन अवसर आपके परिवार में सुख, समृद्धि,स्वास्थ्य और शांति लेकर आए आपकी हर मनोकामना पूर्ण हो आपके घर में सदैव खुशियों की किरणें चमकती रहें।


# राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में हरियाणा के कपिल ने जीता खिताब

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के विशाल सभागार में आयोजित विजय बहादुर क्लासिक 3.0 राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में हरियाणा के कपिल ने चैंपियंस आफ चैंपियंस का खिताब जीता जिसमें उन्हें 51000 रुपए नगद ट्रॉफी, सर्टिफिकेट व विभिन्न कंपनियों द्वारा प्रायोजित पुरस्कारो से नवाजा गया द्वितीय पुरस्कार उत्तर प्रदेश के सलमान ने जीता जिनको 31000 रुपए नगद ट्रॉफी प्रशस्ति पत्र व अन्य सामान भेंट किए गए कार्यक्रम मैं देश भर के ढाई सौ से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया पुरस्कार में 5 लाख 60000 की नगद राशि, औ ट्रॉफी मेडल, सर्टिफिकेट व अन्य खेल के समान पुरस्कार स्वरूप विभिन्न भार वर्गों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली व छाया पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य शिक्षाविद डॉक्टर अरुण त्यागी द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुरू किया गया प्रतियोगिता के संयोजक मिस्टर इंडिया विजय बहादुर ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी की भूमिका के लिए धन्यवाद किया इस अवसर पर कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय अंपायर सरदार बलबीर सिंह व अन्य गणमान्य लोगों की गरिमामय उपस्थिति रही।



# एम०एल०सी स्नातक चुनाव हेतु कामकाजी बैठक सम्पन्न



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** हरीश ठाकुर क्षेत्रीय महामंत्री/क्षेत्रीय संयोजक स्नातक चुनाव व प्रदीप सैनी क्षेत्रीय सह सयोजक, तेजेन्द्र निर्वाल जिलाध्यक्ष/पूर्व विधायक, वेदपाल उपाध्याय जिलाध्यक्ष भाजपा के नेतृत्व में एमएलसी स्नातक की कामकाजी बैठक नगर पालिका परिषद शामली सभागार में सम्पन्न हुई। इस बैठक में जिला सयोजक स्नातक राजेन्द्र मादलपुर, अमरपाल मौर्य जिला सयोजक बागपत, सत्यवीर बडका जिला सह संयोजक, श्रीमति रूबी चौधरी जिला सह संयोजक शामली, विधानसभा संयोजक उपस्थित रहें। दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद द्वारा उक्त बैठक में सभी का धन्यवाद दिया गया।

# घाटों पर तैनात वार्डनों ने फटा पटाखा और बिछड़े बच्चों को परिवार से मिलाकर दिखाई सेवा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** छठ महापर्व के अवसर पर गाजियाबाद शहर में नगर के विभिन्न हिस्सों में अस्थायी घाटों का निर्माण किया गया, जहां व्रति और श्रद्धालु सुरक्षित रूप से पूजा-अर्चना कर सकें। इस दौरान सिविल डिफेंस के उपनियंत्रक नीरज चक और सहायक उपनियंत्रक गुलाम नबी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट प्रभाग के वार्डन सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरी तरह तैनात रहे। छठ घाटों के पास आतिशबाजी कर रहे बच्चों में से एक के हाथ में पटाखा फट गया, जिससे वह घायल हो गया। हालांकि, वहां मौजूद सेक्टर वार्डन मनोज कुमार गुप्ता और गगन अरोड़ा ने परिवार के सहयोग से बच्चे को तुरंत प्राथमिक उपचार प्रदान किया और उसकी स्थिति को स्थिर किया। सिविल डिफेंस के वार्डनों ने सिर्फ घायल बच्चों की मदद ही नहीं की, बल्कि अपने परिवार से बिछड़े कई बच्चों को उनके परिजनों से मिलाने का काम भी किया, जिससे पर्व में उपस्थित श्रद्धालुओं को और सुरक्षा का अनुभव हुआ। इस दौरान कई अन्य छोटी-मोटी घटनाओं में भी वार्डनों ने जनता का सहयोग किया और पर्व को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर डिप्टी डिवीजनल वार्डन राजकुमार तोमर, स्टाफ ऑफिसर टू डिवीजनल वार्डन अमित श्रीवास्तव, एसओ संध्या त्यागी, राकेश गुसाईं, मंजू गर्ग, संजय बघेल, पोस्ट वार्डन रेखा अग्रवाल, पल्लवी शर्मा, रमाकांत सिंह यादव, संजय खन्ना, प्रदीप बाली और शिवकुमार शर्मा भी घाटों पर मौजूद रहे। उन्होंने वार्डनों की तत्परता का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की।

# गुरू नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर निकली प्रभातफेरी का निष्काम भवन में भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** सिक्ख पंथ के प्रथम गुरू गुरू नानक देव जी महाराज के पावन प्रकाश उत्सव सप्ताह के अवसर पर गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा, गोविन्दपुरी से निकली प्रभात फेरी आज प्रातः निष्काम भवन गोविन्दपुरी पहुंची। निष्काम भवन पहुंचने पर निष्काम समिति की समस्त टीम द्वारा प्रभात फेरी का अलौकिक पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। गुरू की संगत ने बड़ी श्रद्धा और भावनाओं के साथ शब्द-कीर्तन, पाठ और अरदास में भाग लिया। इस अवसर पर निष्काम परिवार ने गुरुद्वारा समिति के प्रधान बलविंदर सिंह और ग्रंथी जोरावर सिंह को निष्काम भवन की ओर से पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया। निष्काम समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष जसमीत सिंह ने निष्काम भवन में आयी समस्त संगत का निष्काम सेवक जत्था समिति की ओर से स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा गुरू की संगत को निष्काम भवन लाकर वहाँ की धरा को धन्य कराने के लिए गुरुद्वारा गुरू सिंह सभा गोविन्दपुरी के प्रधान, प्रबंधक कमेटी एवं ग्रंथी साहिब का हार्दिक आभार व्यक्त किया। गुरुद्वारा समिति के प्रधान बलविंदर सिंह ने निष्काम परिवार द्वारा प्रभातफेरी के दौरान किए गए भव्य स्वागत से अभिभूत होकर निष्काम परिवार की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान निष्काम भवन में उपस्थित संगत को निष्काम परिवार द्वारा संचालित सेवात्मक और चिकित्सकीय पहलों की जानकारी भी दी गई, जिनमें समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए चल रही अनेक सेवाएँ शामिल हैं। कार्यक्रम के समापन पर गुरू का अटूट लंगर और मिष्ठान का प्रसाद वरताया गया। इस अवसर पर निष्काम समिति के मुख्य संरक्षक चानन लाल ढींगरा सहित समिति के अन्य सदस्यों दिलीप शर्मा, धीरज कालरा, जसमीत सिंह, जसप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, राजेश खुराना, मंजीत सिंह, ज्ञानी रविन्द्र सिंह, जसबीर भुटानी, अमरनाथ राठौर, विनय चौहान, लवली सचदेवा, गुरमीत सिंह, प्रेम कुमार चचड़ा, आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा।



# एमएसएमई वर्ग की सुरक्षा के संदर्भ में मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठन इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से उत्तर प्रदेश सरकार से एमएसएमई वर्ग व व्यापारी वर्ग की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। इस संदर्भ में संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री प्रिन्स कंसल ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखकर एमएसएमई वर्ग की चिताओं से अवगत कराया है। इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा लिखे गए पत्र में एमएसएमई वर्ग व व्यापारी समाज के हो रहे उत्पीड़न के संदर्भ में लिखा गया है। पत्र में लिखा गया है कि देश की आर्थिक रीढ़ कहा जाने वाले एमएसएमई वर्ग उत्तर प्रदेश में सरकार कुशल नेतृत्व के साथ आगे बढ़ रहा है और देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, किन्तु पिछले कुछ समय से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में (मुख्यतः पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में) व्यापारी/उद्यमी समुदाय के साथ मारपीट व उत्पीड़न की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पत्र में मेरठ महानगर में व्यापारी सत्यम रस्तोगी के साथ मारपीट, अभद्रता व अशोभनीय कृत्य को अंजाम दी गई घटना का भी उल्लेख किया गया है, इन घटनाओं से क्षेत्र के व्यापारी वर्ग में हताशा का माहौल बन रहा है। पत्र में इंडस्ट्रीज एन्ड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से माँग की गई है कि अविलम्ब ऐसी गैरकानूनी घटनाओं पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये जिससे देश की आर्थिक रीढ़ कहा जाने वाला व्यापारी/उद्यमी समाज उत्तर प्रदेश में स्वयं को और अधिक सुरक्षित महसूस कर सके।

# छठ महापर्व के अंतिम दिन उदय होते सूर्य को दिया अर्ध्य, सभी घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

वेलकम इंडिया

■ उदय होते सूर्य को श्रद्धापूर्वक अर्ध्य देकर महिलाओं ने अपने पतियों, संतान एवं परिवारजनों के कल्याण की मंगल कामनाएं की।

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** पूर्वांचल समाज की अटूट आस्था के प्रतीक छठ महापर्व के अंतिम दिन आज मंगलवार को मोदीनगर व मुरादनगर के सभी छठ घाटों पर पर्याप्त तादाद में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा।

उदय होते सूर्य को श्रद्धापूर्वक अर्ध्य देकर महिलाओं ने अपने पतियों, संतान एवं परिवारजनों के कल्याण की मंगल कामनाएं की। इसके साथ ही लोक आस्था के पर्व छठ महापर्व सोल्लासपूर्वक सम्पन्न हुआ। इससे पूर्व बीती शाम व्रतधारी विवाहिताओं ने अस्त होते सूर्य को अर्ध्य दिया। सांसद डा० राजकुमार सांगवान, विधायक डा० मंजू शिवाच, नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, भोजपुर की ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह आदि ने छठ घाटों पर पहुंचकर श्रद्धालुओं को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। यहां श्रद्धावान को दंडवत कर घाट पर आते देखा गया।



# डेबिट कार्ड बदलकर एटीएम से रुपये निकालने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** पुलिस ने डेबिट कार्ड बदलकर एटीएम से रुपये निकालने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक लाख 22 हजार 370 रुपये बरामद, 12 डेबिट कार्ड और वारदात में प्रयुक्त कार बरामद हुई हैं। सहायक पुलिस आयुक्त अमित सक्सेना ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राहुल चौधरी निवासी चित्रकूट कॉलोनी थाना खुर्जा नगर बुलंदशहर, मनोज अत्री उर्फ आशु निवासी न्यू शिवपुरी थाना खुर्जा नगर बुलंदशहर और सुमित कुमार निवासी ग्राम समसपुर थाना खुर्जा देहात बुलंदशहर है। तीनों आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर मोदीपोन कॉलोनी रोड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के समय आरोपी एटीएम पर वारदात को अंजाम देने के लिए जा रहे थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने 10 अक्टूबर को संतपुरा कॉलोनी के निकट एटीएम पर डेबिट कार्ड बदलकर रुपये निकालने के साथ 20 अप्रैल को गोविंदपुरी एवं छह अप्रैल को हरमुखरी कॉलोनी के निकट हुई घटना को स्वीकार किया है। आरोपियों ने बताया कि वह एटीएम के आसपास खड़े रहते थे। इस दौरान वह उसे अपना शिकार बनाते थे जो भोले-भाले लोग होते थे। उनके पीछे एटीएम में जाकर खड़े हो जाते थे और बाद में बातों में उलझाकर उनका डेबिट कार्ड बदल लेते थे। बता दें कि मोदीनगर कोतवाली क्षेत्र में पिछले 10 माह के भीतर लगभग डेबिट कार्ड बदलकर लोगों के रुपये निकालने की लगभग 22 वारदात हो चुकी है। सबसे अधिक वारदात दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गोविंदपुरी क्षेत्र में लगे एटीएम में हुई है।

## महिला ने ले लिए दो लाख रुपये, धमकी देने पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र के शालीमार गार्डन में रहने वाले नदीम के साथ एक महिला ने विश्वासघात किया और उन्हें दो लाख रुपये ठग लिए। आरोपी महिला ने पैसे लौटाने की मांग करने पर उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नदीम ने बताया कि उनका फरहत नामक महिला से तीन साल पहले दिल्ली में परिचय हुआ था। महिला ने खुद को उनके भाई के स्तर का करीबी बताया और उन्हें आई बुलाती थी। शुरू में फरहत ने 25 हजार रुपये लिए, उसके बाद कई बार जरूरत बताकर कुल दो लाख रुपये तक ले लिए।

# ज्ञापन देकर पुलिस कार्रवाई की मांग की

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** ज्योती एवं प्रियंका के विरुद्ध दी गयी रिपोर्ट के संबंध में अवगत कराना है कि हमारे प्रतिष्ठित व्यापारी प्रिंस सिंघल पुत्र प्रदीप सिंघल, पता शारदा पैलेस लोअर बाजार, मोदीनगर के यहाँ काम करने वाली घरेलू सहायिका ने करीब 20-22 लाख रुपये के सोने के जेवर की चोरी की थी जिसमें रिपोर्ट 22 सितम्बर को दर्ज करायी थी जिसमें पुलिस ने प्रियंका एवं ज्योती को पूछ-ताछ के लिए बुलाया था। जिसमें प्रियंका ने चोरी की सभी चीजों के बारे में स्वीकार किया एवं अपने मित्र को सामान देने के बारे में बताया था। जिसमें हमारा व्यापारी एवं हम भी पूर्व में आपसे भी एवं ए.सी.पी साहब एवं इन्स्पेक्टर साहब से भी मिलकर अपनी बात को रख चुके हैं। लेकिन आश्वासन के अलावा हमें कुछ नहीं प्राप्त हुआ। जिस कारण संपूर्ण व्यापारी समाज में काफी रोष है। अतः इस केस को यथाशीघ्र खुलवाने की कृपा करें। व्यापारी समाज भारतीय जनता पार्टी का प्रबल समर्थक है। और शासन, प्रशासन के सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहता है। उसके पश्चात भी कोई कार्यवाही न होना हमें आन्दोलन करने के लिए मजबूर कर रहा है।



# मुरादनगर में निमार्णाधीन शौचालय के खुले गटर में गिरने से 9 वर्षीय बच्चे की मौत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** थाना क्षेत्र की दरगाह कॉलोनी में सोमवार रात एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 9 वर्षीय बच्चा प्रिंस निमार्णाधीन शौचालय के खुले गटर में गिरकर डूब गया और उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद बच्चे के स्वजन और कॉलोनी के लोग गुस्से में आ गए और नगरपालिका पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे।

घटना के अनुसार, बच्चे ने खेलते समय घर के पास बने निमार्णाधीन शौचालय परिसर में प्रवेश किया। शौचालय का गटर लगभग नौ फीट गहरा था और बिना ढके छोड़ दिया गया था। अंधेरे के कारण बच्चा गटर में गिर गया। देर तक बच्चे के न लौटने पर परिवार और कॉलोनी के लोग उसकी तलाश में लगे और जब गटर का पानी निकाला गया तो बच्चे का शव बरामद हुआ। बच्चे का शव मिलने पर उसकी मां और परिवार के अन्य लोग गहरे शोक में डूब गए। मां रोते-रोते बेहोश हो गई। इस दौरान कॉलोनी के लोग और स्वजन नगरपालिकाकर्मियों की लापरवाही पर गुस्से में आ गए और जमकर हंगामा किया।



पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिवार और लोगों को समझा-बुझा कर शांत कराया। मंगलवार सुबह परिवार की सहमति से बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बच्चे के स्वजन ने बताया कि यह शौचालय दो वर्ष पहले निमार्णाधीन था, लेकिन प्रशासनिक कारणों के चलते निर्माण कार्य रोक दिया गया। इसके बावजूद नगरपालिकाकर्मियों ने गटर को ढकने की व्यवस्था नहीं की और वहां प्रकाश की भी कोई सुविधा नहीं थी। इस कारण अंधेरे में बच्चा गटर में गिर गया।

# 8वीं बटालियन एनडीआरएफ में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मना आस्था का महापर्व

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** बिहार और पूर्वांचल के सबसे बड़े आस्था पर्व छठ महोत्सव की भव्य छटा सोमवार और मंगलवार को गाजियाबाद समेत पूरे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में देखने को मिली। इस दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें पूरी मुस्तैदी के साथ घाटों पर तैनात रहीं, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण में पूजा-अर्चना का अवसर मिल सके।

कमला नेहरू नगर स्थित 8वीं बटालियन एनडीआरएफ में भी इस अवसर पर छठ पर्व धूमधाम, उल्लास और पूर्ण पारंपरिक रीतिरिवाजों के साथ मनाया गया।

इस मौके पर एनडीआरएफ परिसर में स्थापित सुभाष सरोवर को खासतौर पर सजाया गया, जहां छठ पूजा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। छठ पर्व के दौरान एनडीआरएफ की 10 विशेष टीमें गाजियाबाद, दिल्ली और एनसीआर के विभिन्न घाटों पर तैनात की गईं। ये टीमें डीप डाइविंग, वाटर रेस्क्यू, रोप रेस्क्यू जैसे सभी आधुनिक उपकरणों से पूरी तरह सुसज्जित थीं। एनडीआरएफ के जवान पूरे समर्पण के साथ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था में जुटे रहे, ताकि पूजा के दौरान किसी प्रकार की अनहोनी की संभावना न रहे। छठ पूजा के अवसर पर एनडीआरएफ कैम्प परिसर में रंग-बिरंगी सजावट और भक्ति गीतों की मधुर ध्वनि से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। मंगलवार को सुभाष सरोवर पर आयोजित सुबह उगते सूर्यदेव को अर्घ्य में 8वीं बटालियन की नव अध्यक्षा डॉ. अनुपम गौतम ने अधिकारियों व जवानों के परिवारजनों के साथ सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। महिलाओं ने पारंपरिक रूप से निर्जला व्रत रखकर छठी मैया से अपने परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की। मंगलवार सुबह सूर्योदय अर्घ्य के साथ इस चार दिवसीय पर्व का समापन प्रसाद वितरण और मंगल गीतों के बीच हुआ। छठ पर्व न केवल आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि इस अवसर पर एनडीआरएफ के जवानों की सेवा भावना भी विशेष रूप से देखने को मिली। एक ओर जहां श्रद्धालु छठी मैया की आराधना में लीन रहे, वहीं दूसरी ओर जवान पूरी सजगता से उनकी सुरक्षा में डटे रहे।

# गोलपार्क राजेंद्र नगर छठ घाट पर उमड़ा आस्था का सागर



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आस्था, भक्ति और जनसमूह का अद्भुत नजारा सोमवार को राजेंद्र नगर, गोलपार्क स्थित छठ घाट पर देखने को मिला, जहां पूर्वांचल छठ पूजा समिति के तत्वावधान में छठ महापर्व का भव्य आयोजन किया गया। घाट पर श्रद्धालुओं का ऐसा सैलाब उमड़ा कि कई वर्षों के रिकॉर्ड टूट गए, अनुमानतः लगभग 10,000 से अधिक व्रतधारी और श्रद्धालु इस अवसर पर एकत्रित हुए। समिति के संरक्षक एस.पी. सिंह के मार्गदर्शन में आयोजन की शुरूआत राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती और छठ माता की सुंदर झांकियों के मंचन से हुई। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इन झांकियों ने पूरे वातावरण को भक्ति और श्रद्धा से भर दिया। छठ घाट पर सजावट, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के उत्कृष्ट प्रबंधों ने कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री सुनील शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ चुन्नीलाल बरेजा भी विशेष अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद थे। मंत्री सुनील शर्मा ने श्रद्धालुओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि यह देखकर गर्व होता है कि पूर्वांचल की संस्कृति गाजियाबाद में इतनी गहराई से बसी है। अब इस घाट को और बड़ा करने की जरूरत है, क्योंकि श्रद्धालुओं की संख्या हर साल बढ़ रही है। इस आयोजन में श्रद्धा और कठिन व्रत का एक अद्भुत उदाहरण बनीं श्रीमती रंजीत झा, जो पिछले पांच वर्षों से लगातार छठ व्रत रख रही हैं। इस वर्ष उन्होंने भी परंपरा के अनुसार शाम 4 बजे से सुबह 7 बजे तक (लगभग 18 घंटे) पानी में खड़े रहकर व्रत किया। रातभर उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए समिति के सदस्य और पुलिस प्रशासन तत्पर रहे। उनके इस दृढ़ संकल्प और श्रद्धा को देखते हुए समिति ने उन्हें पूर्व पार्षद श्रीमती कुसुम सिंह के हाथों शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की सफलता में पुलिस प्रशासन और समिति सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के नवपदस्थ उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने संभाला कार्यभार



वेलकम इंडिया

इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के नवपदस्थ उपाध्यक्ष श्री नन्द किशोर कलाल ने प्राधिकरण कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के अवसर पर प्राधिकरण के सचिव श्री राजेश कुमार सिंह, अपर सचिव श्री प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपाध्यक्ष महोदय का सौहार्दपूर्ण स्वागत किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष महोदय ने प्राधिकरण के कार्यों को पारदर्शी, जनहितकारी एवं समयबद्ध ढंग से संचालित करने पर बल दिया और अधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपाध्यक्ष महोदय को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

# एमएलसी स्नातक चुनाव को लेकर भाजपा की रणनीति तेज, कामकाजी बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया




**शामली/ गाजियाबाद।** आगामी एमएलसी स्नातक निर्वाचन को लेकर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारी और संगठनात्मक रणनीति को तेज कर दिया है। नगर पालिका परिषद, शामली के सभागार में एक कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, क्षेत्रीय संयोजक और जिला पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता हरीश ठाकुर, क्षेत्रीय महामंत्री एवं क्षेत्रीय संयोजक (स्नातक चुनाव) ने की। उनके साथ प्रदीप सैनी (क्षेत्रीय सह संयोजक), तेजेन्द्र निर्वाल (जिलाध्यक्ष/पूर्व विधायक) और वेदपाल उपाध्याय (जिलाध्यक्ष भाजपा) भी मौजूद रहे। बैठक में संगठन की मजबूती, मतदाता संपर्क अभियान और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी की सक्रियता बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गई। श्री ठाकुर ने कार्यकताओं से कहा कि संगठन की सफलता बूथ स्तर के कार्यकताओं की निष्ठा और प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है। हमें हर मतदाता तक पहुंचकर भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। बैठक में राजेन्द्र मादलपुर (जिला संयोजक स्नातक शामली), अमरपाल मौर्य (जिला संयोजक बागपत), सत्यवीर बडका (जिला सह संयोजक) और रूबी चौधरी (जिला सह संयोजक शामली) सहित सभी विधानसभा संयोजक उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की तैयारियों का ब्यौरा दिया और संगठन को और सक्रिय बनाने के लिए सुझाव रखे। बैठक के अंत में विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) दिनेश कुमार गोयल ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि आप सभी का समर्पण और मेहनत ही संगठन की असली ताकत है। भाजपा हमेशा कार्यकर्ता-आधारित पार्टी रही है और स्नातक चुनाव में भी हम इसी एकजुटता से सफलता हासिल करेंगे। बैठक में यह तय किया गया कि आगामी दिनों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विशेष संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

# फर्जी दस्तावेज बनाकर 75 लाख रुपये का लोन, दंपति और साथी पर रिपोर्ट दर्ज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र में रहने वाले राजू कुमार और उनकी पत्नी मोनिका ने फर्जी दस्तावेज बनाकर होम लोन और टॉप-अप के लिए कुल 75.19 लाख रुपये हासिल किए। किस्तों का भुगतान न होने पर वित्त कंपनी ने जांच की तो फजीर्वाड़े का पदार्फाश हुआ। पुलिस ने दंपति और उनके सहयोगियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कंपनी के प्रतिनिधि फिरोज खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दंपति ने पहले ऋण के एवज में इंद्रप्रस्थ कॉलोनी स्थित एक भूखंड को बंधक दिखाया। टॉप-अप के लिए कॉलोनी में एक फ्लैट को अपना बताकर दस्तावेज प्रस्तुत किए। दिसंबर 2024 में लोन स्वीकृत किया गया, लेकिन दो से तीन किस्तों के बाद भुगतान रोक दिया गया। जांच में सामने आया कि दंपति ने बंधक संपत्ति को तेजवीर नामक व्यक्ति की दिखाकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए। उन्होंने इसे गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से आवंटित बताया और संबंधित दस्तावेज पेश किए। इसके अलावा, दंपति ने दिल्ली के शाहदरा निवासी ज्ञानेंद्र से खरीदी हुई संपत्ति को अपना बताकर फर्जी रजिस्ट्री बनाई। भूमि की जांच में पाया गया कि बंधक भूखंड पर वर्षों पुरानी इमारत बनी हुई थी और प्रस्तुत दस्तावेज फर्जी निकले। इस आधार पर फिरोज खान ने डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील के कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई। डीसीपी ट्रांस हिंडन ने बताया कि तीनों आरोपी और उनके सहयोगियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने को नंदग्राम क्षेत्र के घाटों का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आस्था और अनुशासन के प्रतीक छठ पर्व को शांतिपूर्वक एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) उपासना पांडेय ने मंगलवार सुबह नंदग्राम क्षेत्र के सभी प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर जाकर सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसीपी उपासना पांडेय ने घाटों पर मौजूद पुलिस बल, ड्यूटी अधिकारियों और स्वयंसेवकों से संवाद किया। उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में भीड़ नियंत्रण और महिला सुरक्षा से समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि छठ पूजा आस्था, अनुशासन और संयम का पर्व है। हमारा प्रयास है कि श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के पूजा-अर्चना कर सकें। उनकी सुरक्षा और सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसीपी ने घाटों पर बैरिकेडिंग, लाइटिंग, पार्किंग, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, महिला ड्यूटी प्वाइंट और जल पुलिस की मौजूदगी का जायजा लिया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि घाटों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहे और आपात स्थिति के लिए क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) पूरी तरह सतर्क रहे। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर घाट पर महिला हेल्प डेस्क और प्राथमिक उपचार व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान एसीपी उपासना पांडेय ने श्रद्धालुओं और व्रतधारियों से भी बात की, उनकी सुविधाओं की जानकारी ली और सुझाव मांगे।

# पंचशील प्राइम रोज में छठ महापर्व धूमधाम से मनाया

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** छठ महापर्व पर जगह-जगह छठ घाट पर व्रतधारियों ने सुबह-शाम सूर्य भगवान की पूजा अर्चना आराधना की और छठी मैया से अपने परिवार की बच्चों की सलामती के लिए प्रार्थना की। इसी क्रम में पंचशील प्राइम रोज में छठ का महापर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर नीरज गौतम, सचिन तोमर, संजय शर्मा, रविंद्र, अरुण गर्ग, भास्कर शर्मा, अजय, बॉबी और सभी सोसायटी के लोग उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद सिहानी गेट पुलिस की 4 बदमाशों से मुठभेड़, टांग पर खाई गोली, माल समेत किए गए गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद की सिहानीगेट थाना पुलिस की ऑटो गैंग से मुठभेड़ हुई है इस मुठभेड़ में चार बदमाशों को पकड़ा गया है जिसमें चारों बदमाशों के पैर में गोली लगी है तो वहीं दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटे हुए आभूषण, नकदी, ऑटो और तमंचे बरामद किए है। छठ पर्व के चलते पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी जब पुलिस ने ऑटो को रुकने का इशारा किया तो ऑटो सवार युवकों ने ऑटो दौड़ा दिया पुलिस ने इनका पीछा किया और डीपीएस कट के पास खुद को घिरता देख चारों बदमाशों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया जवाबी कार्रवाई में चारों बदमाशों के पैर में गोली लगी उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान नफीस, आमिर, रिहान और शोएब के रूप में हुई है चारों बदमाश लोनी इलाके के रहने वाले हैं। इनके कब्जे से 59 हजार रुपए, 4 तमंचे और सोने चांदी के आभूषण बरामद हुए हैं। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि ये बदमाश पहले सवारी को ऑटो में बैठाते थे फिर खुद ऑटो में सवारी बनकर बैठ जाते थे और सुनसान इलाके में सवारी को बंदूक की नोंक पर लूट लिया करते थे। फिलहाल पुलिस चारों बदमाशों के आपराधिक इतिहास की जानकारी कर रही है साथ ही उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# नोएडा सेक्टर 58 पुलिस ने डेढ़ करोड़ की 3 किलो चरस के साथ 1 बदमाश को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** नोएडा के थाना सेक्टर-58 पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब 1.5 करोड़ रुपये कीमत की तीन किलोग्राम चरस के साथ एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और गोपनीय सूचना के आधार पर की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 27 अक्तूबर को थाना सेक्टर-58 पुलिस ने एक अभियान के तहत संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। इसी क्रम में मिली सूचना और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से पुलिस ने ड्रग्स तस्करी में लिप्त अभियुक्त शुभम कुमार पुत्र राकेश कुमार को सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन के पास से दबोच लिया। तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से लगभग 1.5 करोड़ रुपये कीमती तीन किलोग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे गिरफ्तार अभियुक्त शुभम कुमार से जब पूछताछ की गई तो उसने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि वह अपने साथी वैभव के साथ मिलकर पहाड़ी इलाकों से भारी मात्रा में सस्ती चरस खरीदता है। इसके बाद, वे दिल्ली-एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में ऊंचे दामों पर इसे बेचकर मोटा मुनाफा कमाते हैं। अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि वह इस अवैध कमाई को शेयर मार्केट में निवेश कर शीघ्र अमीर बनने का सपना देखता है, जिसके चलते वह ऐसे अपराधों को अंजाम दे रहा है। शुभम कुमार ने बताया कि वह अपने साथी वैभव के कहने पर ही पहली बार ड्रग्स (चरस) की सप्लाई के लिए नोएडा आया था। पुलिस अब अभियुक्त वैभव के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटा रही है और उसके खिलाफ भी आवश्यक विधिक कार्रवाई करने की तैयारी में है।

